दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



प्रियंका गांधी और बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुए रॉबर्ट वाड्रा 5



सूर्य कुमार यादव के हांथ पर लगी चोट, दिलीप ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध 6

## महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून मौजूद : पीएम

### जिला अदालतों की कॉन्फ्रेंस में कहा- फैसले जितनी जल्दी आएंगे, भरोसा उतना ज्यादा बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आज जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की थी। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है।



इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा।

कॉन्फ्रेंस में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल शामिल हुए।

न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 सालों में देश ने ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है। भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है- सिटीजन प्रथम, डिग्नेटी प्रथम, और जस्टिस प्रथम हमारे क्रिमिनल लॉ शासक और गुलाम वाली कोलोनियल सोच से आजाद हुए हैं। पिछले 10 सालों में अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए मिशन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। आज का कार्यक्रम भी इसका उदाहरण है। अगले दो दिनों में लंबित मामलों के प्रबंधन, मानव संसाधन और कानूनी बिरादरी की बेहतरी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें न्यायिक कल्याण पर एक सत्र भी शामिल किया गया है।

दरअसल, कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र से महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग कर रही है। इसे लेकर सीएम ममता ने 22 अगस्त और 30 अगस्त को पीएम को दो चिट्ठी भी लिखी थी।

ममता ने 30 अगस्त की चिट्ठी में कहा था- मैंने 22 अगस्त को रेपिस्ट को कड़ी सजा देने के लिए कानून की मांग को लेकर पत्र लिखा था, लेकिन इतने संवेदनशील मुद्दे पर आपकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। पीएम ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है- भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की।

## विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के लोगों को मिलेगा विकास का पूरा लाभ: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में रहने वाले विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जाएगा। प्राचीन काल से घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु जातियों ने साहस और शौर्य के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के युवाओं और अन्य प्रतिभाओं को शिक्षा के साथ अच्छे भविष्य और कॅरियर निर्माण के लिए राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रवीन्द्र भवन, भोपाल में विमुक्ति दिवस के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घुमन्तु, अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग की प्रदर्शनी भी देखी और विभाग के पोर्टल समर्थ का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन जातियों को एक स्थान का निवासी घोषित करने के उद्देश्य से एक स्थान मान्य करते हुए मूल मुकाम को दर्ज किया जाएगा। इसके अनुसार आवश्यक अभिलेख तैयार करने में मदद मिलेगी। इससे घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय की वे जातियां जो वर्तमान में कल्याण योजनाओं के लाभों से छूटी हुई हैं, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जा सकेगा। भाट, चारण, बेलदार, पारधी, कुचबंदिया आदि जातियों को भी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कबूतरी, कालबेलिया, सिकलीगर, बांछड़ा आदि जातियों के लिए विशेष योजना बनेगी। गड़रिया, लोहार जाति एवं अन्य जातियों के लिए आवश्यकतानुसार आवास व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देते हुए इन जातियों के नागरिकों को बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी।

### केरल में आरएसएस की 3 दिन की बैठक शुरू

## मोहन भागवत और जेपी नड्डा मौजूद, नया बीजेपी अध्यक्ष और 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव पर चर्चा संभव

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 3 दिन की वार्षिक समन्वय बैठक शनिवार (31 अगस्त) सुबह 9 बजे से शुरू हुई।



मीटिंग में आरएसएस चीफ मोहन भागवत, सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष शामिल हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मीटिंग में नए भाजपा अध्यक्ष के नामों पर चर्चा हो सकती है। 4 राज्यों की विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी बातचीत हो सकती है। बैठक में आरएसएस के 32 सहयोगी संगठनों के 300 कार्यकर्ता शामिल हुए। इसका उद्देश्य संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर चर्चा करना है। मीटिंग में वायनाड में आई लैंडस्लाइड में आरएसएस द्वारा पहुंचाई गई मदद के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आरएसएस की शाखाओं के विस्तार और सभी संगठनों के कामकाज की भी समीक्षा की गई। संगठनों के लिए अगले एक साल का लक्ष्य भी तय किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों और भाजपा की सीटें घटने की वजह पर चर्चा हो सकती है।

## हरियाणा में 5 अक्टूबर को होगी वोटिंग, 8 को घोषित होंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा के लिए मतदान होगा। परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने हरियाणा के लिए मतदान दिवस को 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर, 2024 तक संशोधित किया है। इसके अनुसार जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना दिवस को 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर, 2024 तक संशोधित किया है।

### नरोत्तम मिश्रा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## महाराष्ट्र में एमपी बीजेपी के कई दिग्गज संभाल रहे चुनावी मोर्चा

**भोपाल।** महाराष्ट्र में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा जी तोड़ प्रयास में जुटी है। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को महाराष्ट्र में चुनाव की अहम जिम्मेदारी दी गई है। कई और नेताओं को महाराष्ट्र के अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है। ये दिग्गज फिलहाल वहां संगठन के साथ मिलकर चुनाव प्रबंधन का काम संभाल रहे हैं। अधिकतर



नेताओं को पार्टी ने विदर्भ क्षेत्र की अलग-अलग विधानसभाओं का काम सौंपा है। मध्य प्रदेश से हिंदूवादी नेता जयभान सिंह पवैया पहले से ही महाराष्ट्र के सह प्रभारी की भूमिका में हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के नेता नरेंद्र सिंह तोमर तो कई राज्यों के चुनाव प्रभारी रह चुके हैं। कैलाश विजयवर्गीय भी पिछले विधानसभा चुनाव में बंगाल के प्रभारी रहे हैं। मप्र में विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव में रिकार्ड तोड़ जीत के चलते मप्र के नेताओं पर शीर्ष नेतृत्व का भरोसा बढ़ा है। यही वजह है कि अलग-अलग राज्यों के प्रभारी रह चुके मध्य प्रदेश के कई नेताओं को पार्टी संगठन ने अब महाराष्ट्र चुनावी की कमान सौंपी गई है। दरअसल, यह पहला अवसर नहीं है, जब मध्य प्रदेश के नेताओं को अन्य राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई हो। इन दिनों केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान झारखंड राज्य के विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए हैं।

## कटरा से हरिद्वार के लिए स्पेशल ट्रेन का एलान

**पठानकोट।** सोमवती अमावस्या की श्रद्धालुओं में बहुत मान्यता है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान किया जाता है। ऐसे में हरिद्वार के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ निकलती है। यह देखते हुए रेलवे ने कटरा से हरिद्वार के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलाई है। यह स्पेशल ट्रेन एक सितंबर (दिन रविवार) से चलेगी, जिसका नाम स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04676 श्री माता वैष्णो देवी कटरा से हरिद्वार रखा गया है। यह स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04676 श्री माता वैष्णो देवी कटरा से शाम 6 बजकर 10 मिनट पर निकलेगी।

## रूस में एमआई-8टी हेलिकॉप्टर लापता

### क्रू मेंबर समेत 22 लोग सवार थे, झील में गिरने की आशंका

**मास्को।** रूस का एमआई-8टी हेलिकॉप्टर उड़ान के दौरान लापता हो गया है। इसके हादसे का शिकार हो जाने की आशंका है। हेलिकॉप्टर जिस वक्त लापता हुआ, उस वक्त उसमें तीन क्रू मेंबर समेत कुल 22 लोग सवार थे।

इंटरफैक्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक रूस की एयर ट्रांसपोर्ट एजेंसी ने कहा कि हेलिकॉप्टर ने कामचटका इलाके में वाचकाझेट्स ज्वालामुखी के पास एक साइट से 25 किमी दूर स्थित निकोलेवका के लिए उड़ान भरी थी। आईआरए ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हेलिकॉप्टर झील में गिर गया। ये मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग से पर्यटकों को लेकर जा रहा था।

भारतीय समय के मुताबिक हेलिकॉप्टर को 9 बजकर 30 मिनट पर बेस पर लौटना था, लेकिन लौटकर नहीं आया। क्रू मेंबर्स से संपर्क करने की कोशिश की गई, मगर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। बचावकर्मी लापता हेलिकॉप्टर की तलाश में जुट गए हैं।

हेलिकॉप्टर की खोज के लिए एक अन्य एयरक्राफ्ट को भेजा गया है, जिस इलाके में हेलिकॉप्टर लापता हुआ, वहां बूंदाबांदी और कोहरा देखा गया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पुलिस का सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

### जूनियर डॉक्टरों के प्रोटेस्ट में शराब पीकर बाइक चलाई, छात्र को टक्कर मारी थी

**कोलकाता।** कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन का आज 23वां दिन है। रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी के पास चल रहे प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार रात 2 बजे एक शख्स शराब के नशे में बाइक लेकर में घुस गया।



इस दौरान उसने एक छात्र को टक्कर मार दी, जिसमें उसे चोट आई है। इस पूरे घटनाक्रम के समय पुलिस भी मौजूद थी, लेकिन उसने बिना एक्शन लिए आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 5 घंटे तक बीटी रोड जाम कर दिया।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आरोपी की बाइक पर कोलकाता पुलिस का स्टिकर लगा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे सिविक वॉलंटियर टीम से भी हटा दिया गया है। ये शख्स भी रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय की तरह कोलकाता पुलिस में सिविक वॉलंटियर था।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 30 अगस्त को रेप-मर्डर केस के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्र सायन लाहिड़ी को रिहा करने का आदेश दिया है। सायन पर बिना परमिशन के नबन्ना रैली निकालने का आरोप था। इसी रैली में हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे को संवेदनशील तरीके से संभालना चाहिए था, न कि प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाकर उन्हें आंदोलन करने से रोकना चाहिए था। पुलिस को यह समझना चाहिए कि रेप-मर्डर केस को लेकर लोगों में गुस्सा है। दरअसल, पश्चिम बंग छात्र समाज के कार्यकर्ताओं ने ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के विरोध में 27 अगस्त को प्रदर्शन किया था। नबन्ना अभियान प्रदर्शन हिंसक हो गया था। जिसमें 100 से ज्यादा छात्र, 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के आरोप में सायन लाहिड़ी को गिरफ्तार किया था।

## आंध्र प्रदेश में रेड अलर्ट, 9 जिलों के स्कूलों में छुट्टी, हिमाचल में लैंडस्लाइड से 40 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के मोगलराजपुरम इलाके में भारी बारिश के कारण एक घर गिर गया। रेस्क्यू टीम के एक अधिकारी ने बताया कि पहाड़ से एक चट्टान घर पर गिर गया। इसमें 24 साल की एक महिला की मौत हो गई। दो महिलाएं घायल हैं। परिवार के दो अन्य दो सदस्य मलबे के अंदर दबे हैं।

आईएमडी ने आंध्र प्रदेश में आज तेज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सभी विभाग के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, गुंटूर, कोनासीमा, एनटीआर, कृष्णा, काकीनाडा, अल्लूरी सीताराम राजू और पश्चिम गोदावरी जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र डिप्रेशन में बदल गया है। इसके कारण आंध्र प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार (30 अगस्त) से भारी बारिश हो रही है। शनिवार को आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## कोल्हापुर में हिट एंड रन, कार ने युवक को उड़ाया

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर से हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रहे युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। पूरी घटना मौके पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक, घटना 28 अगस्त को उचगांव रोड पर घाडगे पाटील इंडस्ट्रीज के बाहर की है। पीड़ित का नाम रोहित सखाराम हप्पे है। वह कंपनी में नाइट ड्यूटी पर जा रहा थे। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि रोहित सड़क किनारे चल रहे हैं। तभी तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उन्हें उड़ा दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित कई फीट तक हवा में उछल गए।

## कुकी-जो संगठनों की मणिपुर में कुकीलैंड की मांग

**इंफाल।** कुकी-जो समुदाय के लोगों ने शनिवार (31 अगस्त) को मणिपुर के चुराचांदपुर, कांगपोकपी और टेंग्नौपाल में रैलियां निकालीं। इन संगठनों की मांग है कि मणिपुर में अलग कुकीलैंड बनाया जाए, जो केंद्र शासित प्रदेश हो।

इन संगठनों का कहना है कि ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश बनाना ही राज्य को जातीय संघर्ष से बाहर निकालने का इकलौता रास्ता है।

इधर, पेनियल में बीजेपी प्रवक्ता टी माइकल एल हाओकिप के घर पर आग लगा दी गई। हाओकिप ने X पर वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया है कि यह काम कुकी लोगों का है। हाओकिप ने कहा कि पिछले एक साल के अंदर तीसरी बार उनके घर पर हमला हुआ। पिछले हफ्ते भी 30 से ज्यादा हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की थी।

मणिपुर में निकाली गई रैलियों में सीएम बीरेन सिंह के न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू का विरोध किया गया। पीटीआई को दिए इंटरव्यू में मुख्यमंत्री ने कुकी समूहों की अलग प्रशासन (कुकीलैंड) की मांग को खारिज कर दिया। सीएम बीरेन ने कहा कि वे राज्य की पहचान को कमजोर नहीं होने देंगे। बीरेन मैतेई समुदाय से आते हैं। जिस इलाके में कुकी रहते हैं, उस क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज देने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा बीरेन सिंह के सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो पर भी बवाल मचा है।

### एमपी पर्यटन में महिलाओं को मिलेगा नया अवसर

## 40 हजार से अधिक महिलाएं होंगी प्रशिक्षित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों को सृजित करने के लिए सरकार 40,000 से अधिक महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। भीड़भाड़ से दूर शांति की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए 50 से अधिक नए ऑफबीट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे हैं। ये बातें प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के 39वें अधिवेशन के दूसरे दिन के पहले सत्र में कही। प्रमुख सचिव ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें 8 सेक्टर के 48 जॉब रोल्स में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर




प्रदान करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगी। पर्यटन के माध्यम से महिलाओं को समुदाय के साथ जोड़ने के इस प्रयास को सरकार प्राथमिकता दे रही है। शुक्ला ने बताया कि राज्य में भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों को प्रबंधित करने और शांति के लिए नए डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे हैं। इनबाउंड पर्यटन के लिए सही पारिस्थितिकी-तंत्र बनाने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से संसाधनों का उपयोग कर बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। सत्र में उत्तर प्रदेश की विशेष सचिव पर्यटन सुश्री ईशा प्रिया और एबरक्रॉम्बी एंड केंट के एमडी विक्रम मधोक ने भी अपने विचार साझा किए। ईशा प्रिया ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और इसे मध्यम वर्ग के लिए अनुकूल बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। विक्रम मधोक ने महामारी के बाद नए बाजारों में जाने और होमस्टे जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन का विस्तार करने पर बल दिया। सम्मेलन में मध्य प्रदेश पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने प्रदेश के नैसर्गिक सौंदर्य, प्राचीन इतिहास, संरक्षित धरोहरें, और वन्य-जीवों की विविधता को रेखांकित किया। उन्होंने ट्रेवल एजेंट्स और टूर ऑपरेटर्स को मध्य प्रदेश आने का न्योता देते हुए इसे महिला पर्यटकों, विशेषकर एकल महिला पर्यटकों के लिए सुरक्षित बनाने के प्रयासों पर जोर दिया।

# नशे के शौक में युवक ने आंगन में लगाया गांजा का पेड़, पहुंचा सलाखों के पीछे

## घर में लगा रखा था 9 फिट ऊंचा गांजा का पेड़, घर में घुसे पानी के वीडियो से हुआ खुलासा

**सिंगरौली।** कहते हैं नशे की आदत बहुत खराब होती है नशे की चाहत में इंसान अपराधी बन जाता है। यह बात मोरवा थाना क्षेत्र के दुद्धीचुआ में रहने वाले पिंटू कुमार रैदास से भला और कौन बेहतर जानेगा, जिसे गांजा पीने के शौक ने जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी के आंगन से 30 हजार कीमत का करीब 9 फीट ऊँचा गांजा का पेड़ जप्त किया है। जिसका वजन करीब डेढ़ किलो ग्राम बताया जा रहा है।




जानकारी के अनुसार, पिंटू कुमार रैदास पिता ज्ञानधारी चर्मकार उम्र 30 वर्ष निवासी नूरी मोहल्ला पुरानी दूधिचुआ रोड का रहने वाला है। वह गांजा की कली पीने का आदी है. रोज-रोज गांजा के लिए इधर-उधर भटकने के बाद भी उसे मिलावटी गांजा या ऐसा गांजा पीना पड़ता था जिसका नशा उसे रास नहीं आता। गांजा के शौकीन युवक ने जहां-तहां भटकने की बजाए उसने अपने घर के ही आंगन में गांजा का पौधा लगा लिया और युवक को जब गाजे पीने की लत होती तो वह गाँजे की कलियों को तोड़ अपने नशे के शौक को पूरा कर लेता। युवक आंगन में गांजे का पेड़ लगा रखा है इस बात की जानकारी पुलिस को उस वक्त लगी जब युवक के घर में बारिश का पानी घुस गया।

पिछले दिनों हुई बारिश का पानी युवक के घर घुस गया जहां लोगों ने युवक के घर घुसे पानी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया। जहां वायरल वीडियो में युवक के घर के आंगन में लगे गांजे का पेड़ भी साफ नजर आ रहा था। घर में घुसे पानी का वीडियो पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने भी देखा कि युवक के घर में बारिश का पानी किस कदर भरा हुआ है लेकिन इसी बीच वीडियो में एक पेड़ देख पुलिस का माथा ठनका पुलिस उसे यह पेड़ गांजा जैसे नजर आया जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक ने घर में गांजा लगाकर रखा है। गांजा का पेड़ करीब 9 फीट का हो चुका है जिसका वजन करने पर करें डेढ़ किलो बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया है।पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा टीम गठित कर आरोपी पिंटू कुमार रैदास के घर से गांजा जप्त किया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक एनपी तिवारी, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, राहुल सिंह, अजीत सिंह परिहार, आरक्षक मंगलेश्वर सिंह, सुरेश परस्ते, अमित द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सेवाकाल पूर्ण करने पर तुलसी राम द्विवेदी को दी गई भावभीनी विदाई



**सिंगरौली।** जिला योजना सांख्यकी कार्यालय में पदस्थ तुलसी राम द्विवेदी भृत्य को सेवाकाल पूर्ण होने पर भावभीन विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एके झा एवं संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय सहित सहायक संख्यकी अधिकारी जीएल पनिका के द्वारा श्री द्विवेदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुये शाल श्रीफल देकर विदाई दी गई।इस अवसर पर जेपी नापित, मिथिलेश कुमार सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, अराजिता पाण्डेय, सुदीप चतुर्वेदी, शर्मिला शाह सहित संबंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत शेष बचे कार्यो को तत्परता से पूर्ण करे: कलेक्टर

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारो को शासन के निर्देशानुसार 19 योजनाओं का लाभ दिया जाना है ताकि ये लोग भी समाज एवं राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सके। कोई भी पात्र बैगा हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे सभी नोडल अधिकारी शेष बचे हुये कार्यो को इलेक्शन मोड पर करे ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सके उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के जन मन योजना के नोडल अधिकारियो को दिया गया।कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुल 280 बैगा बसाहटो को चिन्हित किया गया है। तथा कुल 11529 परिवार है तथा कुल जनसंख्या 49 हजार 749 है। इन पात्र परिवारो को सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिया जाना है साथ ही बसाहटो का भी समुचित विकास किया जाना है। इसके लिए समय निर्धारित है किंतु अभी तक लक्ष्य के अनुसार इन परिवारो का आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड



तैयार नही किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिविरो का आयोजन निश्चित किया गया है नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी अपने अपने क्षेत्रो में शिविरो का व्यापकर स्तर पर प्रचार प्रसार कर हितग्राहियो को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराये। कोई भी पात्र हितग्राही आयुष्मान एवं आधार कार्ड से वंचित न रहे। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियो को यह भी निर्देश दिये कि इस कार्य मे सलग्न आशा कार्यकर्ता, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सचिव रोजगार सहायक आदि कर्मचारी सलग्न है यदि इनके द्वारा कार्य में लापरवाही किया जाना पाया जाये तो इनके विरूद्ध तत्काल प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे। ताकि कठोर कार्यवाही की जा सके। उक्त कार्य में लापरवही करने वालो को बख्सा नही जायेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी नोडल अधिकारी प्रति दिन की प्रगति की रिपोर्ट दिया जाना सुनिश्चित करेगे। साथ ही एक निर्धारित समय निश्चित कर मेरे द्वारा स्वंय व्हीसी के माध्यम से नोडल अधिकारियो से जानकारी ली जायेगी। बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिये गये कि जिस बैगा बसाहटो में पेयजल, विद्युत, सड़क, आगनवाड़ी भवन,विद्यालय भवन के साथ साथ प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि, केसीसी आदि की भी जानकारी तैयार कर अपने प्रतिवेदन में प्रस्तुत करे ताकि योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

# विंध्याचल सीएसआर द्वारा जिला स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जिला स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त से 1 सितंबर तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला एथलेटिक एसोशियन सिंगरौली एवं एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के सयुंक्त तत्वाधन में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे- ऊंची कूद,लंबी कूद, गोला फेक, भाला फेक, टाइथलान, ट्रिपल जम्प, चक्का फेक आदि का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परियोजना के आस-पास के लगभग 10 शासकीय एवं प्राइवेट विद्यालयों के स्कूली बच्चों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यकारी निदेशक(एनटीपीसी विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य अतिथियों ने उदघाटन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों मे भी भाग लेना अति आवश्यक है जिससे वे स्वस्थ रहेंगे और उनका सर्वांगीण विकास होगा। उन्होनें एनटीपीसी विंध्याचल के सीएसआर द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासो कि सराहना की। इस प्रतियोगिता के उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत सिंगरौली) गजेंद्र सिंह, कार्यकारी निदेशक(एनटीपीसी विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सिंगरौली) शिव कुमार वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, महाप्रबंधक(आरएलआई) त्रिलोक सिंह, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक(सीएसआर-आरएंडआर) महताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल, अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल) ओम प्रकाश, के साथ-साथ अध्यक्ष (जिला एथलेटिक एसोशियन सिंगरौली) राम पोस, सचिव (जिला एथलेटिक एसोशियन सिंगरौली) जसबिंदर सिंह, सत्य प्रकाश, एनटीपीसी स्पोर्ट्स काउंसिल के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ-साथ एनटीपीसी के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा शिक्षक के साथ-साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# लापरवाह डॉक्टर को चितरंगी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लापरवाही से बालिका ने तोड़ा था दम, क्लीनिक सील

**सिंगरौली।** चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। वह लोगों की जान बचाकर उन्हें नया जीवन प्रदान करते हैं। लेकिन कई चिकित्सक अपना धर्म भूलकर पूरी तरह से व्यवसाय में जुट जाते हैं, वहीं कई झोलाछाप ऐसे हैं जो बिना चिकित्सा की डिग्री के भोली भाली जनता को गुमराह करने में जुट जाते हैं। जिससे लोगों की जान पर बनती है। ऐसा ही एक मामला जिले के ब्लॉक मुख्यालय चितरंगी के अस्पताल चौराहा पर संचालित अक्षत पॉलीक्लिनिक में चिकित्सक की लापरवाही के कारण एक 9 वर्षीय बालिका की जान जाने के मामले में चितरंगी पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता




गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपरीक्षक सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को उत्तर प्रदेश भागने से पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया। बीते 30 अगस्त को मृतिका कुमारी आँचल साकेत के पिता लालता प्रसाद साकेत निवासी ग्राम गोड़हा थाना चितरंगी व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने चितरंगी थाने में तहरीर दी कि लड़की कुमारी आंचल साकेत की तबियत बुधवार को रात्रि करीवन 11 बजे खराब हुई, जिस दिनांक गुरुवार प्रात: 4.30 पर घर से उपचार कराने हेतु चितरंगी अक्षत पॉलीक्लीनिक में डॉक्टर को दिखाया गया। जहाँ डॉक्टर ने लड़की आंचल साकेत को अपने क्लीनिक में भर्ती कर खून की जांच की गई। सुबह 11.30 पर जब लड़की को ऑक्सीजन की जरूरत आन पड़ी तो डॉक्टर ने बोला मेरे क्लीनिक में ऑक्सीजन नही है। परिजनों ने तुरंत बालिका को उठाकर सरकारी अस्पताल चितरंगी में भर्ती करने के लिए लाया गया। जहां 12 बजे उसे ऑक्सीजन लगते ही उसकी मौत हो गई। अत: इस मामले में परिजनों की रिपोर्ट पर अक्षत पॉलीक्लिनिक के डॉक्टर की लापरवाही को देखते हुए मर्ग क्रमांक 105/24 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया एवं पुलिस टीम चितरंगी द्वारा आरोपी डॉक्टर आशुतोष मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चौकिया थाना चुनार जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार किया गया। वही डॉक्टर द्वारा चलाए जा रहे क्लिनिक को भी पुलिस ने सील कर दिया है। पुलिस की माने तो आरोपी डॉक्टर भागने की फिराक में था जिस समय रहते दबोच लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव, उनि राममिलन तिवारी, मउनि उमेश तिवारी, आर मुकेश पांडेय, भैयालाल यादव एवं नंदलाल यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# एनसीएल की खदान में घुसकर लूट व मारपीट करने वाला फरार आरोपी आया पुलिस की गिरफ्त में

**सिंगरौली।** बीते 6 मई की रात एनसीएल की गोरबी ब्लॉक बी परियोजना के खदान क्षेत्र में घुसकर सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात राजकुमार सिंह पिता विश्वनाथ सिंह उम्र 55 वर्ष के साथ मारपीट कर दो नली बंदूक, कारतूस, टोर्च एवं अन्य सामान लूटने की वारदात सामने आई थी। खदान में कोयला चोरी के इरादे से घुस घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को उसी माह 14 मई को गोरबी पुलिस ने गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया था। वही इस घटना में एक आरोपी फरार था, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। मामले के फरार आरोपी अजाबू खान निवासी समदा को गिरफ्तार करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी में भी विशेष निर्देश दिये गए थे। जिसके परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी सिंगरौली के के पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी की टीम द्वारा उद्घोषित इनामी फरार आरोपी अजाबू खान को गुरुवार की शाम दस्तयाब कर लिया है।

उक्त आरोपी को न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, जिसे बरामद की संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया है।

## सरई तहसीलदार ने बीएलओ को दिया निर्वाचन प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंगरौली के निर्देशन में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों को प्रारंभ किया गया है। तहसील सरई के मतदान केंद्रों के समस्त बीएलओ को तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर के रूप में धर्मेंद्र सिंह शिक्षक सरई द्वारा विधिवत जानकारी सभी को दी गई। जिसमें बीएलओ डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता सूची से संबंधित कार्य करेंगे। जिसमें नाम जोड़ने, शिफ्टिंग और मतदाता सूची



की शुद्धता बनाए रखने हेतु मतदाताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें सूचीबद्ध करना है। यह प्रशिक्षण तहसील कार्यालय सरई में संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के समस्त बीएलओ मौजूद रहे।

## 2 सितम्बर को स्वास्थ्य समिति की बैठक होगी आयोजित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 2 सितम्बर को स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजित होगी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समस्त नोडल अधिकारी सहित समस्त उपखण्ड चिकित्सा अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगे। साथ ही अपने विभागो द्वारा प्रदान की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं सहित विभागीय गतिविधियो की जानकारी से अवगत करायेगे।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना मे 31 अगस्त को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी राम कुमार यादव, सहायक प्रबन्धक(सीएंडआई-मेंटीनेंस), वामीक परवेज़, सहायक प्रबंधक(बीई), संजय दुबे, अभियंता/एसएलपीएस(प्रचालन) एवं प्रेम नारायण साहू,अभियंता/एसएलपीएस (प्रचालन) । एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया । साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया।

सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया।

# कोलकाता की घटना के बाद एसपी पहुंची देर रात हॉस्पिटल

## डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा का लिया जायजा, अस्पताल स्टाफ से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में ली जानकारी

**सिंगरौली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए दुष्कर्म और मर्डर के मामले के बाद एसपी निवेदिता गुप्ता ने सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक शुक्रवार देर रात जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंने जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर पहुंची। वहीं अस्पताल भवन के प्रवेश द्वारों तथा भवन की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई बार्डो की अस्पताल स्टाफ से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने प्रसूति कक्ष का भी जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल परिसर एवं अंदरूनी हिस्सा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लगातार होने चाहिए। आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या भी बढ़ाई जाए। खासतौर पर उन जगहों को शामिल किया जाए।जहां लोगों का आना-जाना कम है। वहाँ पर्याप्त लाइटिंग हो।उन्होंने अस्पताल भवन के साइड का प्रवेश द्वार बंद रखने के निर्देश दिए। पिछला प्रवेश द्वार केवल उसे आपात परिस्थितियों में आवागमन के लिए उपयोग किया जाए। वहां से प्रवेश करने वाले व्यक्ति का पूरा ब्योरा दर्ज किया जाए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए गए कि अस्पताल की पार्किंग, छत, सीढ़ियां सहित ऐसे स्थान जहां लोगों की दैनिक आवाजाही कम है वहाँ सीसीटीवी कैमरा, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षाकर्मी तैनात रहें। प्रवेश एवं निर्गम द्वारों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था हो। अनाधिकृत व्यक्ति का किसी भी स्थिति में प्रवेश वर्जित रहे। मरीज एवं उनके परिजनों की सुरक्षा हेतु उचित प्रबंध हो।

अस्पताल परिसर में पर्याप्त बल हो। मरीज के साथ एक ही व्यक्ति को अनुमति दी जाए। समय- समय पर डायल-100 परिसर का विजिट करे। रात्रि गश्त भी लगातार होता रहें। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान यहाँ लगे सीसीटीव्ही का फीडींग का जायजा लिया। एवं जिला चिकित्सालय कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कैमरे लगातार सुचारु रुप से चलते रहने के निर्देश दिए। जिसकी फीडिंग लगातार होती रहे दोनों तरफ़ से प्रवेश नहीं हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीएमएचओ एनके जैन सिंगरौली , आरएमओ जिला चिकित्सालय उपस्थित रहें। उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सीएमएचओं एवं सिविल सर्जन के साथ जिला अस्पताल के चिकित्स्कों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देश दिए।इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते विन्ध्यनगर, यातायात प्रभारी विद्यावारिधी तिवारी मौके पर उपस्थित रहें। इस दौरान जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, दुरुस्त रखने के निर्देश चिकित्सालय प्रबंधन-प्रशासन को दिए गए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन





सीधी

मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र भोपाल द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर दिनांक 26 से 31 अगस्त 2024 के मध्य खेल सप्ताह मनाये जाने एवं 29.08.2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न खेल कार्यक्रम का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा (नियंत्रण कर्ता अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग) सीधी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) सीधी के कृशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला स्तर एवं समस्त विकासखण्ड में दिनांक 27.08.2024 से 31.08.2024 तक विभिन्न खेल कार्यक्रम कबड्डी, खो-खो, फुटबाल, वालीवाल, प्लेंक चौलेंज, रस्साकसी, रस्सीकूद, कुर्सी दौड़, बैडमिंटन का आयोजन जिला खेल प्रशिक्षक एवं ब्लाक समन्वयक द्वारा शिक्षा विभाग एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के सहयोग से किया गया।

29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर जिला मुख्यालय पर कुंवर अर्जुन सिंह सामुदायिक भवन सीधी में बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं शा0उ0मा0वि0 क्रमांक-02 में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी के मुख्य आतिथ्य, डॉ. अनूप मिश्रा अध्यक्ष क्रीड़ा भारती सीधी की अध्यक्षता, अरविन्द श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) सीधी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया तत्पश्चात् बैडमिंटन प्रतियोगिता का फायनल मैच खेला गया। उक्त आयोजन क्रीड़ा भारती सीधी एवं खेल और युवा कल्याण विभाग सीधी के समन्वय से किया गया।

ब्लाक स्तर पर दिनांक 29 अगस्त को ब्लाक कुसमी के एकलव्य आवासीय विद्यालय टमसार में कबड्डी, ब्लाक सिहावल के कौशल मेमोरियल विद्यालय कुचवाही में रस्सीकूद, ब्लाक मझौली के शा0उ0मा0वि0 पथरौला में हैण्डबाल एवं कबड्डी, ब्लाक रामपुर नैकिन के मोहिनीदेवी स्टेडियम चुरहट में रस्साकसी खेल का आयोजन ब्लॉक समन्वयकों के द्वारा कराया गया।

## पीएम जनमन आवास योजना से फूलबाई बैगा के पक्के आवास का सपना हुआ पूरा



**सीधी।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना गरीब परिवारों के लिये लाभकारी सिद्ध हो रही है। शासन की इस महती योजना से लाभान्वित सीधी जिले की जनपद पंचायत कुसमी ग्राम केशलार के निवासी फूलबाई बैगा पति लाल बैगा का पक्के मकान का सपना प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से साकार हुआ है। फूलबाई बैगा मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर-बसर करती है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से पक्का मकान बनाना इनके लिये किसी सपने से कम नहीं था। शासन की इस योजना से लाभ पाकर फूलबाई बैगा बहुत खुश हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के आवास घटक, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिये आवास प्रदान करना है, से विशेष पिछड़ी जनजातियों को संबल मिला है। फूलबाई बैगा ने योजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

# मानचित्र को साथ लेकर पढ़ना ज्यादा कारगर : अभिषेक

## जिला पंजीयक ने किया छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन



**सीधी।** जनपद पंचायत सीधी के सभागार में संचालित निरूशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल ने कहा कि मानचित्र साथ लेकर पढ़ना ज्यादा कारगर होता है। भूगोल के साथ -साथ इतिहास, राजनीतिक परिदृश्य, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं आदि को पढ़ने में मानचित्र बहुत उपयोगी होते हैं। इस दौरान नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस की सहायक संचालक किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, ईरीना बघेल और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जिला पंजीयक ने कहा कि पढ़े गए टॉपिक के शॉर्ट नोट्स बनाते चले और साथ में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का भी अभ्यास करते रहें। उन्होंने करंट अफेयर्स पढ़ने का तरीका बताते हुए कहा कि वर्तमान में घटित घटनाओं पर नजर रखें, जैसे हाल ही में संपन्न ओलंपिक में भारत ने कितने पदक प्राप्त किए, इस तरह की जानकारी होना चाहिए। इसी तरह हाल ही में भारत में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए है। हमें इससे संबंधित संवैधानिक प्रावधानो और चुनाव आयोग के बारे में जानकारी होना चाहिए। इसी तरह हमारे पड़ोसी देशों की हलचल पर भी नजर बनाए रखनी चाहिए, जैसे कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन पर क्योंकि सत्ता परिवर्तन होने से इसका प्रभाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर भी देखने को मिलेगा। अपर कलेक्टर राजेश शाही की निगरानी में नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस नियमित संचालित हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निरूशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है। जिसका जरूरतमंद छात्र-छात्राएं लाभ उठा रहे हैं।

## शांति समिति की बैठक 02 सितम्बर को

**सीधी।** अपर कलेक्टर राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 07.09.2024 को गणेश चतुर्थी, 16.09.2024 को मिलाद-उन-नवी, 03.10.2024 को दुर्गा मूर्ति स्थापना, 12.10.2024 को दशहरा विजयदशमी एवं 31.10.2024 को दीपावली का त्यौहार शान्ति पूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु दिनांक 02.09.2024 को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है। उन्होने सभी संबंधितों को सूचित किया है कि नियत दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

**सीधी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय मुलायम सिंह नेता जी के ऊपर तेलंगाना भाजपा विधायक टी राजा के द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई है जिसको लेकर सीधी सहित प्रदेश के पूरे जिलों में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के आदेशानुसार प्रदेश के हर जिले में भाजपा विधायक के ऊपर एफआईआर दर्ज करने को लेकर आज ज्ञापन सौपा गया है और कहा गया है कि भाजपा विधायक माफी मांगे नहीं तो विधायक के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाऐ। युक्त जानकारी को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव समर बहादुर यादव ने मीडिया बंधुओ को अवगत करते हुए कहे हैं कि हर जिले में जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई, है । समाजवादी पार्टी जिला इकाई सीधी के जिला अध्यक्ष की अगुआई में ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन सौंपते वक्त प्रमुख से उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव, सीधी विधानसभा अध्यक्ष रण बहादुर सिंह चौहान अनुसूची जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बैजनाथ साकेत, जिला मिडिया प्रभारी इं. राजेन्द्र यादव, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एड. राजेंद्र यादव, युवा उपाध्यक्ष दिलीप यादव, सदस्य असीस यादव, जीतू यादव, मोलू राघवेंद्र सिंह सहित अत्यधिक संख्या में उपस्थित समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास पाकर खुश हैं ममता गुप्ता


**सीधी।** अपने पक्के मकान का सपना संजोए हुए कई लोगों का पूरा जीवन बीत जाता है और वह सपना सपना बनकर ही रह जाता है। मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोगों के पक्के मकान का सपना पूरा करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री आवास योजना ने उठा रखी है। आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के तहत आवासों का निर्माण किया जा रहा है।



नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड क्रमांक 24 की निवासी ममता गुप्ता पति अमृतलाल गुप्ता भी प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के हितग्राही हैं। ममता ने बताया कि पति अमृतलाल अपने मेहनत मजदूरी से अपने परिवार का किसी प्रकार से भरण पोषण ही कर पाते थे। उनके लिए पक्के आवास का निर्माण कराना आसान नहीं था। उनके पक्के मकान का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से साकार हुआ है। शासन की इस योजना से लाभ पाकर वह बहुत खुश हैं। उन्होने बताया कि मैने तथा मेरे परिवार ने ये कभी नहीं सोचा था कि हमारा भी पक्का आवास होगा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आज मैं अपने पक्के माकान की मालकिन बन गई हूं। ममता ने बताया कि घर के आसपास सभी के पक्के मकान बन गए लेकिन मेरे पास पक्के मकान का होना एक सपना से कम नहीं था। यह सपना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से सरकार हुआ है। उन्होने कहा कि अब बारिश के दिनों में भी मकान के क्षतिग्रस्त होने की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य शासन के इस महती योजना के बारे में बताते हुए कहा कि हम जैसे गरीब परिवारों के लोगों के लिए यह योजना काफी सहारा बन कर आई है, जिसके कारण हमें पक्का मकान दिया गया है। मेरा पूरा परिवार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कोटिश: आभार व्यक्त करते हैं कि उनके द्वारा चलाई जा रही इस योजना के माध्यम से हम जैसे गरीब आज पक्के आवास की मालकिन बन सकी हूं।

## पीएम जनमन योजना से उर्मिला बैगा का भी है स्वयं का पक्का आवास

सीधी



सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े बैगा परिवारों की खुशी का कारण बनी है प्रधानमंत्री जन मन योजना। आज कई ऐसे परिवार हैं जिनके पास अपना पक्का आवास है। इन्हीं में से एक है जनपद पंचायत सीधी के ग्राम सिरसी की उर्मिला बैगा पति बृहस्पति बैगा। उर्मिला ने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहती थी तब बड़ी दिक्कत होती थी। आज उनके पास पीएम जनमन आवास है, जिसमें लाइट, पानी की सुविधा है। आज खुद का घर बनने से बड़ी खुशी हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। उर्मिला ने कहा कि योजना से सिरसी जैसे गांव में विशेष पिछड़ी बैगा परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

# प्रत्येक बूथ पर 300 से अधिक बनाए सदस्य : देव कुमार

## भाजपा जिला अध्यक्ष की अगुवाई में जिले भर में आयोजित हुई बूथ केन्द्र की कार्यशाला

**सीधी।** भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के अगुवाई में जिले के 1035 बूथो पर एक साथ सदस्यता अभियान की बूथ स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई।



सीधी नगर मंडल के बूथ क्रमांक 201 में बूथ स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि हर पोलिंग बूथ पर कम से कम 300 से अधिक सदस्य बने हैं। सदस्यता करते समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग ,प्रत्येक जाति और प्रत्येक समुदाय का की हिस्सेदारी हो। कोई भी व्यक्ति किसी भी गले मोहल्ले का हो भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से छूटना नहीं चाहिए। आगामी 2 सितंबर को 880000 2024 पर मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम से सामान्य रूप से सदस्य बन सकेंगे। मिस्ड कॉल करने के पश्चात आए हुए एसएमएस के माध्यम से लिंक को खोलकर निर्धारित प्रारूप में चाही गई सभी जानकारी को भरने के पश्चात फॉर्म सबमिट होगा और आप भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन जाएंगे। पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य बनना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी, महामंत्री बृजेश सिंह, हीरालाल कोरी, पूर्व पार्षद सुरेंद्र गुप्ता , पार्षद सोमवती जायसवाल सहित बूथ अध्यक्ष और बूथ की समितियां उपस्थित रही।

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को 05 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

**सीधी।** मीडिया सेल प्रभारी, लोक अभियोजन सीधी द्वारा बताया गया कि दिनांक- 13.05.2023 को 12:41 बजे फरियादी प्रेमलाल सिंह गोड़ तनय तेजबली सिंह गोंड़ निवासी सिरौला द्वारा थाना मझौली जिला-सीधी में इस आशय की एफआईआर लेखबद्ध कराई गई कि उसकी सौतेली मां का लड़का लालदेव सिंह दिनांक- 13.05.2023 को 11.00 बजे शराब के नशे में उसके घर आया और हिस्सा बांट की बात को लेकर उससे गाली गलौज और झगडा करने लगा। जब उसकी मां रामकली सिंह, अभियुक्त को गाली देने से मना करने लगी और समझाने लगी कि झगड़ा विवाद क्यो करते हो, मत करो। तब आरोपी लालदेव सिंह अश्लील गांलिया देते हुए बोला कि तुम ही झगड़ा विवाद करवाती है तथा हांथ में लिये टांगी से उसकी मां रामकली के बांये कंधा में मारा, जिससे कटकर खून बहने लगा।

## एक लाख-एक साथ-एक पेड़ मां के नाम

**सीधी।** राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सभी आँगनवाड़ी केन्द्र पर 31.08.2024 को प्रात: 10 से 11.30 बजे के बीच में पौधरोपण का कार्य किया गया है। साथ ही जिला, परियोजना, सेक्टर स्तर पर भी पौधरोपण किया गया, जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि, शासकीय अमले एवं जन समुदाय की उपस्थिति रही।

# सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक राजकुमार पाण्डेय, दी विदाई



**सीधी।** पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजकुमार पाण्डेय को सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को यातायात थाना पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी डीडी सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने प्रधान आरक्षक राजकुमार पाण्डेय को सेवानिवृत्त होने पर जीवन के नये पड़ाव की शुभकामनायें प्रेषित की गई वहीं श्री पाण्डेय के कार्यों की भी सराहना हुई। आपको बताते चलें कि श्री पाण्डेय वर्ष 1983 में भोपाल से पुलिस सेवा के लिये चयनित हुए थें और सीधी यातायात विभाग से सेवानिवृत्त हुए। अपने 41 वर्ष के कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन एवं सेवाओं के लिये कई बार पुरूस्कृत हुए हैं। 31 अस्त 2024 को सेवानिवृत्त होने पर पुलिस परिवार के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर शाल श्रीफल, स्मृति चिंह, फूल माला एवं उपहारों के द्वारा प्रधान आरक्षक यातायात को सम्मानित किया गया। यातायात प्रभारी डीडी सिंह ने अपने उद्बोधन में श्री पाण्डेय को समय का पक्का पावंद व्यक्ति बताया साथ ही कहा कि श्री पाण्डेय मिले दायित्वों का हमेशा बेहतर निर्वहन किये हैं एवं सेवानिवृत्त पश्चात अपने अनुभवों का लाभ समाज को देने के लिये प्रेरित किया गया। वहीं राजकुमार पाण्डेय ने नम ऑखो से अपने वरिष्ठो से मिले अपार प्रेम स्नेह के प्रति ह्दय से आभार व्यक्त किया।

# संगठन पर्व के दौरान हर बूथ को शत प्रतिशत बनाएं भाजपा मय : सांसद

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन पर्व के अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कुचवाही, सेमरिया, बरमबाबा एवं सीधी नगर मंडल के विभिन्न बूथ केन्द्र पर पहुंचकर सदस्यता अभियान के महत्व, सदस्यता कैसे करनी है, को विस्तार से समझाया। इस दौरान सभी बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र के संयोजकों का माल्यार्पण कर सांसद डॉक्टर मिश्रा ने अभिनंदन किया।



विभिन्न बूथ समितियो की कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व हमें एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस अवसर के माध्यम से हम नए लोगों को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाते हैं। इसके साथ ही यह आप सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि देश को विकसित और दुनिया की महाशक्ति बनने के लिए हर पोलिंग बूथ को भाजपा मय शत प्रतिशत करना है। जिसका कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों ने शानदार तालियां बजाकर और भारत माता की जय, डॉ राजेश मिश्रा जिंदाबाद के नारों से अभिनंदन किया।

गाजे बाजे के साथ हुआ अभिनंदन लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा का बरम बाबा मंडल के बूथ क्रमांक 107 सरेठी में गाजे बाजे के साथ अभिनंदन हुआ और लाडली बहनों ने कलश दिखाकर अभिनंदन किया। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि 880000 2024 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करके 2 सितंबर की शाम 5 बजे के बाद भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का हिस्सा बने। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता ग्रहण करेंगे उसके पश्चात पूरे देश के लिए यह ऐप्स खुल जाएगा। विभिन्न मंडलों के शक्ति केदो की कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जो कार्यकर्ता और पदाधिकारी मेरे रेफरल कोड या लिंक के माध्यम से 5000 से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाएगे उसे चिन्हित करके मैं हवाई मार्ग से तीर्थ यात्रा कराऊंगा। जिससे कार्यकर्ताओं में अत्यधिक उत्साह देखा गया। जनपद पंचायत के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता ऐतिहासिक उत्साह और भव्यता के साथ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होते हुए हर व्यक्ति को सदस्य बनाने की अभियान अभियान में जुट जाए। सदस्यता की बूथ स्तरीय कार्यशाला को सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी ,जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, रामराज गुप्ता, मुनिराज विश्वकर्मा, संतोष पांडे, डॉ. मनोज सिंह परिहार, विनोद सिंह, उमेश यादव, प्रभा शंकर शर्मा, मुगलेश जायसवाल, विनोद सिंह परिहार, तुषार धर द्विवेदी, वंश राखन सिंह, सरोज सिंह, गंगा यादव, राजरखन सिंह, विनोद कुशवाहा, प्रदीप सिंह, रामप्रताप सिंह, संत कुमार जायसवाल, के के तिवारी, वीर चंद ,भांजा पांडे, पुष्पराज मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, जनपद सदस्य सरपंच, पंच उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### देर रात सड़कों पर गाड़ियां नहीं यमदूत चल रहे हैं

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है।इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं।हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है।अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है।

# गैरों पे करम, अपनों पे सितम... स्टॉहोम सिंड्रोम के दलदल में धंसती ही जा रही बीजेपी

**उत्तर प्रदेश में कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रवक्ता का पद तो नहीं दिया गया था, लेकिन उन्हें वक्त-बेवक्त टीवी चैनलों के डिबेट प्रोग्राम्स में भाग लेने भेज दिया जाता था। एक बार अमित शाह यूपी आए तो उनमें से एक कार्यकर्ता को उनसे बात करने का मौका मिल गया। शाह ने उन्हें सामने देख टोका और पूछा कि क्या चल रहा है। शाह के सवाल पर कार्यकर्ता ने अपने मन की बात कह दी। उन्होंने कहा कि सब ठीक है, बस एक दिक्कत यह है कि हम टीवी चैनलों पर जाते तो हैं, लेकिन पार्टी की तरफ से कोई अथॉरिटी नहीं मिलने के कारण हमारी बातों का वजन थोड़ा कम होता है। उन्होंने कहा कि बस इसी डीलिंग में दिक्कत होती है। इस पर शाह ने आव देखा ना ताव और झट से कह दिया- परेशानी होती है तो छोड़ दो। कार्यकर्ता की स्थिति ऐसी हो गई कि काटे तो खून नहीं। यह कहानी हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बताई। आज बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की लिस्ट देख लीजिए, ज्यादातर दूसरी पार्टियों से आए हैं। तो क्या बीजेपी में ऐसे लोगों की कमी है जो उसकी विचारधारा को सही तरीके से मीडिया के सामने रख सके? क्या बीजेपी में इस हद तक ब्रेन ड्रेन है कि उसके संस्कारों में पले-बढ़े नेता पार्टी का बचाव करने के लायक भी नहीं होते?**

(नवीन कुमार पाण्डेय)

हीनता भाव से ऊबर नहीं पा रही पार्टी?

जानकार कहते हैं कि जनसंघ के वक्त से ही पार्टी पर हीनता भाव हावी रहा है। उसे अपने प्रतिस्पर्धी ज्यादा काबिल नजर आते हैं, अपने लोग अयोग्य। एक विचार यह है कि बात काबिलियत की नहीं रणनीति की है। तब की जनसंघ, फिर बीजेपी ने अपने खिलाफ विरोध का स्वर कमजोर करने के उद्देश्य से विरोधियों को ही अपने पाले में लाने की रणनीति अपनाई। इसमें कोई संदेह नहीं कि विरोधी को मिलाना एक 'मास्टर स्ट्रोक' है, लेकिन अति सर्वत्र वर्जयेत। संतुलन सभी सिद्धांतों का नाभिनाल है। संतुलन खोने पर बड़े से बड़ा सिद्धांत अपनी प्रासंगिकता खो देता है।

**विरोधियों को अंडा, अपनों को डंडा!** पहले जब प्रतिस्पर्धियों को अपने खेमे में लाया जाता था तो उनका एक कूलिंग पीरियड होता था। बीजेपी दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को पहले अपने संस्कारों में ढलती थी, फिर कुछ ऑफर करती थी। अब मोदी-शाह की बीजेपी ने नियम बदल दिया है। ऐसा लगता है कि बीजेपी खुद हर मौके पर ऑफर हाथों में लेकर खड़ी हो जाती है। जिसे ऑफर पसंद आता है वो कंसल्ट करता है और डील फाइनल। अब कोई कूलिंग पीरियड नहीं, आते ही पाइए। ऐसे में वर्षों से सेवा करते कार्यकर्ता ठगे महसूस करते हैं। ऊपर बताई गई यूपी के कार्यकर्ता की कहानी याद कर लीजिए। सोचिए, एक तरफ दूसरों के लिए आओ और पाओ की नीति जबकि अपनों के लिए लगे रहो का दंड!

**विनाश काले विपरीत बुद्धि** यह दंड ही है। मोदी-शाह की बीजेपी के चाल-चलन पर गौर करेंगे तो दिखेगा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दंड देने की परिपाटी दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। दूसरी तरफ जितना घोर विरोधी, उतना बड़ा ऑफर। यह पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर मतदाताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के समर्थकों तक पर लागू होता है। ऐसा लगता है कि मोदी-शाह की बीजेपी ने यह मान लिया है कि बीजेपी के कार्यकर्ता, मतदाता और समर्थक स्वाभाविक तौर पर निम्नतर होते हैं और विरोध करने वाले सौ फीसदी उच्च कोटि के। फिर प्रतिस्पर्धा या विरोधी और दुश्मन में फर्क होता है। कृपाशंकर सिंह जैसे नेता को न केवल पार्टी में लाना बल्कि तुरंत चुनाव का टिकट देना बताता है कि आज की बीजेपी किस कदर अपनों को छोड़कर दूसरों की तरफ भागती है। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की फजीहत के कारणों का विश्लेषण आज भी हो रहा है और सभी मान रहे हैं कि निराश कार्यकर्ताओं ने अपना जोर नहीं लगाया।

**बंगाल के वोटरों को छोड़ा, मुसलमानों को ज्यादा हक** ये बीजेपी ही है जिसने पश्चिम बंगाल में अपने मतदाताओं को राज्य प्रायोजित हिंसा का शिकार होने दिया और दिखावे के विरोध-प्रदर्शन के सिवा जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कि जिससे आगे ममता बनर्जी की सरकार, उनकी पार्टी टीएमसी के गुंडे और शासन-प्रशासन बीजेपी समर्थकों को अनुचित रूप से प्रताड़ित करने की सोच भी न सके। लोकसभा के चुनाव हों या विधानसभा के, हर बार बीजेपी को वोट देने वालों की बेरहमी से मारा-पीटा गया, उनकी निर्मम हत्याएं हुईं, घरबार जला दिए गए, परिजनों पर अत्याचार हुए, औरतों का बलात्कार हुआ, डर के मारे पड़ोसी राज्यों में पलायन करना पड़ा, लेकिन बीजेपी ने उन्हें संरक्षण देने का प्रयास तो छोड़िए, ऐसा जताने की कोशिश भी नहीं की। दूसरी तरफ जो बीजेपी को कभी वोट नहीं देते- मुसलमान। बीजेपी के बड़े-बड़े नेता, प्रवक्ता बड़े गर्व से कहते हैं कि मुसलमानों को उनकी आबादी से ज्यादा केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिया जाता है। ध्यान रहे सरकार की योजनाओं में भेदभाव नहीं होना अलग बात है, हक से ज्यादा देना अलग बात।

**स्टॉकहोम सिंड्रोम में फंसती जा रही बीजेपी** दरअसल, मोदी-शाह की बीजेपी स्टॉकहोम सिंड्रोम का बुरी तरह शिकार हो चुकी है। स्टॉकहोम सिंड्रोम दुश्मनों पर दिल उड़ेलने का द्योतक है। इसका दिल दुश्मनों के लिए धड़कता है, जितना बड़ा दुश्मन उतना ही ज्यादा प्यार। दिलीप मंडल का मामला ही देख लीजिए। जिंदगी भर बीजेपी की नीतियों का विरोध करने, सामाजिक न्याय की आड़ में जातीय विद्रोह की जमीन तैयार करने में जुटे दिलीप मंडल ने थोड़ा सुर क्या बदला, बीजेपी तुरंत ऑफर लेकर आ गई। वो तो सोशल मीडिया पर खिल्लियां उड़ने लगीं तो उनकी पोस्टिंग को होल्ड कर दिया गया। ये कोई अकेला मामला नहीं है।

**घुसपैठियों पर रहम, हिंदू शरणार्थियों से नजर फेरी** याद कीजिए, दिल्ली में घुसपैठिये रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाने की कैसी योजना बनी थी। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी 2.0 सरकार में ट्वीट करके जानकारी दी थी कि दिल्ली में इन घुसपैठियों के लिए आवास योजना लाई जाएगी। इस पर ऐसी फजीहत हुई कि योजना कि सरकार को कदम वापस लेने पड़े। दूसरी तरफ मुस्लिम देशों से सबकुछ लुटाकर भारत आए हिंदुओं की दुर्दशा कौन नहीं जानता। इसी दिल्ली के मजनू के टीले पर सैकड़ों हिंदू परिवार आज भी नरक की जिंदगी जी रहे हैं। मोदी सरकार ने उनके लिए कौन सी आवास योजना लाई, कोई बता सकता है?

**देश-संस्कृति के विरोधियों को सम्मान!** देवदत्त पटनायक सनातन धर्म के कथाकार की आड़ में सनातन विरोधी एजेंडे पर काम करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं रह गया है। लेकिन सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन हुआ तो उसी देवदत्त पटनायक को बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया। कई बार ऐसा लगता है कि बीजेपी भारत और भारतीयता के समर्थकों को कोई सहयोग या समर्थन नहीं देती, उलटे इसके भारत और सनातन विरोधी प्रचारकों को प्लैटफॉर्म भी मुहैया कराती है। बीजेपी की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है, लेकिन कितने लोगों को आज भी पता है कि सीताराम गोयल और रामस्वरूप कौन थे? अगर ये दोनों वामपंथी खेमे के होते तो आज हर पढ़ा-लिखा व्यक्ति उनको जानता, उनकी किताबें पढ़ता, उनका उल्लेख करता। सीताराम गोयल ने भारत में मुसलमानों द्वारा ध्वस्त हिंदू मंदिरों की लिस्ट तैयार की है, प्रमाण के साथ। हर भारतीय को सीताराम गोयल और रामस्वरूप की पुस्तकें पढ़नी चाहिए। इंटरनेट पर उनकी सभी पुस्तकें मुफ्त में उपलब्ध हैं।

**आडवाणी को अरेस्ट करने वाले बने केंद्रीय मंत्री** ये मोदी-शाह की बीजेपी ही है जिसने रिटायर्ड आईएएस आरके सिंह को न केवल पार्टी जॉइन करवाई बल्कि केंद्रीय मंत्री बनाया। ये वही आरके सिंह हैं जिन्होंने सोमनाथ से अयोध्या की रथयात्रा पर निकले लाल कृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार करवाया था। कांग्रेस नेता कृपाशंकर सिंह का मामला तो अनोखा ही है। उन्होंने बीजेपी के लिए क्या-क्या नहीं कहा और उन्हें लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी में लाकर उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से टिकट भी दे दिया।

**'मुल्ला' मुलायम को पद्म पुरस्कार, वीर सवारकर की पूछ नहीं** मोदी-शाह की बीजेपी अपने विरोधियों पर कितना मेहरबान रहती है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी सरकार ने उस मुलायम सिंह यादव को पद्म पुरस्कार से नवाजा जिन्होंने मुख्यमंत्री रहते अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं। कितनी हैरत की बात है कि अयोध्या आंदोलन की अगुवाई अन्य संगठनों के साथ बीजेपी ने ही की थी। जिन शरद पवार की पार्टी एनसीपी को नैचुरली करप्ट पार्टी कहा गया, उन्हें भी पद्म पुरस्कार इसी सरकार ने दिया। प. बंगाल के दिवंगत मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को मोदी सरकार ने पद्म पुरस्कार ऑफर किया और उन्होंने लेने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ, वीर सावरकर को आज तक भारत रत्न दिए जाने की मांग पर कोई विचार तक नहीं हुआ। कहां मुलायम, शरद, बुद्धदेव और कहां सावरकर। दुश्मनों के प्यार में पड़ी बीजेपी की बुद्धि नहीं मारी गई तो और क्या क्या हुआ? 1968 में एक फिल्म आई थी- आंखें। उसमें एक गाना है- गैरों पे करम, अपनों पे सितमञ मोदी-शाह की बीजेपी का कुछ यही हाल है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# गठबंधन के 24 घंटे में ही शुरू हो गई थी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में रार !

**अशोक भाटिया, मुंबई**

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए पिछले गठबंधन में नेशनल कॉन्फ्रेंस को जम्मू संभाग में चार सीटें दिए जाने से प्रदेश कांग्रेस के कई नेता नाराज हैं और उनकी नाराजगी सामने आने लगी है। हालाँकि, किसी ने भी औपचारिक रूप से नेतृत्व से संपर्क नहीं किया है। सीट बंटवारे में जम्मू उत्तर, सांबा जिले की विजयपुर और राजौरी जिले की नौशहरा और कालाकोट सुंदरबनी सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में गई हैं। इससे प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रवींद्र शर्मा, उदय चिब, एमके भारद्वाज समेत कई नेता नाराज बताए जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें दूसरी सीटों से चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है। यही वजह है कि पार्टी की दूसरी सूची अटकी हुई है। पार्टी ने अभी तक सिर्फ पहले चरण के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नगरोटा विधानसभा सीट पर दोनों पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगी।

राज्य में 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। आपसी समझौते में कांग्रेस को 32 और एनसी को 51 सीटें मिलीं। एक सीट सीपीआई (एम) और एक सीट पैंथर्स को दी गई। पांच सीटों पर दोस्ताना मुकाबला रखा गया है। इसे गठबंधन की मजबूरी ही कहा जाएगा कि बनिहाल की सीट पूर्व सूबेदार विकार रसूल के खाते में दोस्ताना मुकाबले में आ गई। इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस भी चुनाव लड़ रही है। कहा जा रहा है कि इन सीटों पर दावेदारी वापस लेने से दोनों पार्टियां पीछे नहीं हट रही थी, जिसके बाद फ्रेंडली फाइट का फैसला किया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 3 चरणों में चुनाव प्रस्तावित हैं। 4 अक्टूबर को चुनाव के नतीजे आएंगे।

रामबन जिले की बनिहाल सीट पर शुरू से ही नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस अपना-अपना दावा कर रही थी। कांग्रेस ने यहां से पूर्व अध्यक्ष विकार रसूल वानी को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से सज्जाद शाहीन मैदान में हैं।बनिहाल सीट पर अब तक 9 बार विधानसभा के चुनाव कराए गए हैं। इनमें से 3 बार कांग्रेस और 4 बार नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत हासिल की है। 2008 और 2014 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के विकास रसूल वानी ने ही जीत हासिल की।

इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सज्जाद शाहीन तीसरे नंबर पर थे। बनिहाल विधानसभा सीट उधमपुर लोकसभा में है और यहां पर इस बार कांग्रेस के लाल सिंह ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, वे भाजपा के जितेंद्र सिंह 1 लाख 24 हजार वोट से हार गए थे।नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस डोडा और डोडा वेस्ट की विधानसभा सीट पर भी फ्रेंडली फाइट यानी दोस्ताना लड़ाई के साथ मैदान में उतरेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने डोडा से खालिद नजीब को उतारा है। पार्टी की तरफ से डोडा वेस्ट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। जम्मू कश्मीर की यह सीट हाल ही में परिसीमन के बाद गठित की गई है।कांग्रेस ने डोडा से शेख रयाज और डोडा वेस्ट से प्रदीप भगत को मैदान में उतारा है। बात डोडा सीट की करें तो यहां पर पिछली बार भाजपा के शक्ति राज को जीत मिली थी। कांग्रेस के उम्मीदवार यहां दूसरे नंबर पर और नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे नंबर पर रहे थे।2008 में डोडा सीट पर कांग्रेस के अब्दुल माजिद वानी ने जीत हासिल की थी। डोडा सीट भी उधमपुर लोकसभा के अधीन ही है।

कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस भदरवाह सीट पर भी आमने-सामने की लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस ने भदरवाह में नदीम शरीफ और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने महबूब इकबाल को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जम्मू-कश्मीर की यह सीट गुलाम नबी आजाद के वजह से जानी जाती है। आजाद मुख्यमंत्री रहते इसी सीट से विधायक थे।हालांकि, वर्तमान में आजाद नई पार्टी बनाकर खुद मैदान में हैं। 2014 में इस सीट पर भाजपा के दलीप सिंह ने जीत हासिल की थी। यहां पर अब तक हुए चुनाव में 9 बार कांग्रेस को ही जीत मिली है। यह सीट भी उधमपुर लोकसभा सीट के ही अधीन है।नेशनल कॉन्फ्रेंस का यहां पर दूसरे-तीसरे नंबर की लड़ाई में ही रही है।

जम्मू-कश्मीर की देवसर सीट पर भी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतार दिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने देवसर से पीरजादा फिरोज को तो कांग्रेस ने अमानुल्लाह मंटू को यहां से सिंबल दिया है। 2002 तक अनंतनाग-राजौरी लोकसभा के अधीन इस सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का दबदबा रहा है।हालांकि, 2014 में यहां से कांग्रेस के टिकट पर आमिन भट्ट ने जीत हासिल की थी। भट्ट ने पीडीपी उम्मीदवार सरताज मदनी को हराया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के पीरजादा अहमद तीसरे नंबर पर रहे थे।

इधर कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को लेकर भाजपा को भी बोलने का बहुत कुछ मौका मिल गया है । केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है ।भाजपा ने गठबंधन को अपवित्र करार देते हुए कांग्रेस पार्टी से कई सवाल भी पूछे हैं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ऐसे लोगों के साथ खड़ी हो गई है जिन्होंने अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए को लाने का वादा किया है। केंद्रीय मंत्री ने नेशनल कांफ्रेंस पर जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने का आरोप लगाया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से सवाल पूछा है कि क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र से सहमत है?

इसके आलावा गठबंधन के खिलाफ देशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस से सवाल पूछने के अभियान में शामिल जी किशन रेड्डी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में राज्य में फिर से अनुच्छेद-370 और 35ए लाने का वादा किया है। ऐसे में राहुल गांधी बताएं कि क्या वह जम्मू कश्मीर की खुशहाली को छीनकर राज्य को फिर से आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में धकेलने के नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे के साथ खड़ी है? क्या राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करते हैं?

## वर्ग पहेली 5478



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1949 को इस राज्य को भारत में शामिल किया गया (3)
4. हरियाणा के प्रमुख राजनीतिज्ञ जो भारत के उपप्रधानमंत्री रहें (4)
7. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक, शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा निर्मित फ्लॉप फिल्म (3)
8. यदि ऐसा न होगा तो (3)
9. निगोड़ा, नाकारा (2)
11. एक बार सांस लेने का समय (2)
13. मथुरा से करीब 20 किमी दूर स्थित वृंदावन का एक गांव जहां नंद रहते थे (4)
15. उत्तरप्रदेश के इस शहर का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज कर दिया गया है (5)
17. पैना किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
18. जीव-जंतुओं के शरीर के त्वचा में से निकले सूक्ष्म तंतु (2)
19. यह बतौर नायिका पूनम ढिल्लों की पहली फिल्म थी (2)
20. हिलने-डुलने की क्रिया, गति (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (2)
24. सूर्यपुत्र कर्ण को यह भी कहते थे (4)

**ऊपर से नीचे**

1. तीनों काल (भूत, वर्तमान, भविष्य)(3)
2. इसे अंग्रेजी में ब्रिज कहते है (2)
3. पूर्णिमा की रात यह भी कहलाती है (2)
4. फिल्म इंडस्ट्री में मठाधीश अभिनेता जिनका निधन 3 दिसंबर 11 को हुआ था (5)
5. बहादुर, योद्धा, शूर (2)
6. ले आना, उपस्थित करना (2)
10. क्रोधपूर्ण दृष्टि, क्रोध सूचक भ्रूभंग (3)
11. मध्यस्थ, ब्रोकर (3)
12. बहुत बड़ा, महान, सर्वश्रेष्ठ (2)
14. पुराणानुसार यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी (3)
15. उपासना, आराना, पूजा (उर्दू)(4)
16. यह भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक था (3)
19. नया, नवीन, नव (3)
20. अधिकार, इख्तियार (2)
21. किस समय, किस वक्त (2)
22. वीर, बहादुर, योद्धा (2)

### वर्ग पहेली 5477 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | त | र | | का | न | पु | र |
| ल | ह | क | ना | | ग | जा | |
| आ | | मी | ना | कु | मा | री | |
| ज | ल | | ना | ल | | | सा |
| औ | ला | द | | प | खा | व | ज |
| र | ट | ना | | ति | ल | क | |
| क | | द | स्ता | | | अ | ब |
| ल | गा | न | | स | म | त | ल |

# बैसाखियों पर टिकी होने के बावजूद क्यों नहीं है मोदी सरकार को खतरा ?

(गुलशन राय खत्री)

चार सौ पार की उम्मीद लगाने वाली बीजेपी भले ही महज 240 सीटें हासिल कर सकी हो लेकिन इसके बावजूद नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली इस सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं है। हालांकि ये सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की बैसाखी पर टिकी है लेकिन इसके बावजूद, मोदी सरकार को अगले दो से तीन साल तक कोई बड़ा खतरा नजर नहीं आ रहा। वजह ?

इसकी सबसे बड़ी वजह खुद विपक्ष ही है। हालांकि भले ही राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दल, इस सरकार को कमजोर सरकार बनाकर जल्द ही इसके ढहने के दावे करें लेकिन असलियत ये है कि यही विपक्ष ही नहीं चाहेगा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार सत्ता से बाहर जाए। दरअसल, विपक्ष को खुद ये चिंता है कि अगर ये सरकार गिर गई और अगर उसके सरकार बनाने की नौबत भी आयी तो वह इससे भी कमजोर सरकार होगी और शायद इससे पहले ही गिर जाए। दूसरा विपक्ष ये भी नहीं चाहता कि फिर से लोकसभा चुनाव हों। अगर ऐसा हुआ तो भले ही बीजेपी की सीटें कम हो जाएं लेकिन ऐसी भी हालत नहीं होगी कि विपक्ष की मजबूत सरकार बने।

विपक्ष क्या चाहता है ? =विपक्ष के लिए सबसे बेहतर तो यही है कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में सरकार चलती रहे और फैसले न ले सके। ऐसे में सरकार को तो होगी लेकिन सरकार का कामकाज नहीं होगा। ऐसे में सरकार बड़े और एकतरफा फैसले लेने की हालत में नहीं है। ऐसे में जाहिर है कि जनता के बीच न सिर्फ इस सरकार बल्कि नरेन्द्र मोदी की अपनी उस छवि को भी धक्का लगेगा, जो बीते दस वर्ष में उन्होंने देश में बनाकर रखी हुई है।

तीसरी बार सत्ता में आयी मोदी सरकार को अभी तीन महीने भी नहीं हुए हैं कि उसे कई मामलों में अपने पांव वापस खींचने पड़े हैं। इनमें वक्फ बोर्ड संशोधन बिल भी है, जिसे जाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी को भेजा गया है। इससे पहले दस वर्ष में किसानों से जुड़े बिलों के अलावा जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने और राज्य का दर्जा समाप्त करने संबंधी कई कड़े फैसले सरकार ने बिना किसी चर्चा के लिए थे। इसके बावजूद विपक्ष उनके खिलाफ आवाज बुलंद नहीं कर पाया था। लेकिन इस बार खुद सरकार ही विपक्ष के दबाव में आ गई।

ऐसे में विपक्ष को लग रहा है कि सरकार गिराने की बजाय इस सरकार को घिसट घिसट कर चलने दिया जाए ताकि सरकार और खुद मोदी की छवि को चोट पहुंचे और देश को पता चले कि ये सरकार बेहद कमजोर है और फैसले नहीं ले पा रही है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको ऑफिस और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी कारण से संतान पक्ष के लोगों से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम को आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्?न रहेगा और आपको कोई रुका कार्य बनने की संभावना है।

### वृषभ

आज करियर में सफलता का दिन है और आपके सम्?मान में वृद्धि होगी। आपको सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होने की संभावना है। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज करियर में सफलता के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में सम्?मान मिलने से मन प्रसन्न होगा। किसी मामले में शिक्षा और प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने से आपको खुशी होगी। मन में हर्ष होगा।

### कर्क

आज लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

### सिंह

आज भाग्य साथ देगा। आपके सुख और आनंद में वृद्धि होगी। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। आपको वाणी की सौम्यता और सम्मान से लाभ होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सेहत के मामले में लापरवाही करना आपको भारी पड़ सकता है।

### कन्या

आज करियर और रोजगार के मामले में सफलता से भरी होगा। आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में आपकी जीत हो सकती है।

### तुला

आज आपके चारों ओर काम का माहौल बहुत शानदार रहेगा। आपके परिवार के सदस्यों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपकी जीत होगी।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज आपको सेहत के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही करना भारी पड़ सकता है। किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करें तो आपको लाभ होगा। आज आपको काफी भागदौड़ के मामले में लाभ होगा।

### धनु

आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने से लाभ होगा।

### मकर

आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रयास सफलत रहेंगे। आपको नीचे के कर्मचारियों से आदर और सहयोग भी मिलेगा। शाम के समय आप किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

### कुंभ

आज लाभ और आनंद का दिन है। हर प्रकार के विवाद से दूर रहें और आपको अपने परिवार के साथ आनंद की प्राप्ति होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें।

### मीन

आज लाभ होगा। कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें, वरना आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। वरना कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर्ड कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर रखेगा इंडियन रेलवे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने रिक्त पदों को भरने के लिए रिटायर्ड अधिकारियों को फिर से नियुक्त करने का फैसला लिया है। रेलवे बोर्ड ने खाली पदों पर सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारियों को सलाहकार के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दी है। बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय रेलवे और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को 29 अगस्त को सर्कुलर जारी किया। इसमें कहा गया कि रिटायर्ड रेलवे अधिकारियों की दोबारा नियुक्ति केवल 31 दिसंबर, 2026 तक ही वैध रहेगी। अधिकारियों ने बताया, हर एक जोन के जनरल मैनेजर को जरूरत के अनुसार रिटायर्ड अधिकारियों को नियुक्त करने के लिए कहा गया है। इनमें से कम से कम 100 को री-अरेंजमेंट के तहत काम पर रखा जाएगा। सर्कुलर में कहा गया, राजपत्रित अधिकारियों के रिक्त पदों के कारण क्षेत्रीय रेलवे की ओर से कुछ परेशानियां अनुभव की जा रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने सेवाओं की अनिवार्यताओं के अनुसार यह फैसला लिया है। इसके तहत खाली पदों पर सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारियों को सलाहकार के तौर पर फिर से नियुक्त किया जाएगा। इसमें महाप्रबंधकों को रिटायर्ड रेलवे अधिकारियों को दोबारा सेवा में लेने का अधिकार दिया गया है। इसके लिए 16 नियम व शर्तें बताई गई हैं। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष निर्धारित की है। साथ ही उसने कहा कि परामर्शदाताओं की नियुक्ति को रीअपॉइंटमेंट का मामला नहीं माना जाएगा। इन कर्मचारियों को हर महीने 1.5 पेड लीव दी जाएगी। मगर, ये छुट्टियां न तो आगे ट्रांसफर हो सकेंगे और न ही कर्मचारी इन्हें इकट्ठा कर सकेंगे। इसके अलावा, कॉन्ट्रेक्ट पूरा हो जाने पर इन छुट्टियों के बदले कोई अतिरिक्त भुगतान भी नहीं मिलेगा। जैसा कि आमतौर पर पर्मानेंट कर्मचारियों को रिटायरमेंट के दौरान दिया जाता है। मालूम हो कि नौकरी पर दोबारा रखे गए रिटायर्ड अधिकारी एचआरए और सरकारी आवास के हकदार नहीं होंगे।

### हरियाणा में कई सीटों पर फंसा पेच, सीएम सैनी भी नई जगह से लड़ेंगे चुनाव

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार रात केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद भाजपा नेतृत्व ने अब तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि सूची आने में अभी एक-दो दिन का समय लग सकता है, क्योंकि कई सीटों पर पार्टी को फैसला करना बाकी है। हरियाणा में सत्ता विरोधी माहौल से जूझ रही भाजपा राज्य में बड़े पैमाने पर बदलाव करने की तैयारी में है, लेकिन कई सीटों के समीकरण उलझे हुए हैं। ऐसे में गुरुवार रात केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में वैसे तो सभी 90 सीटों पर चर्चा हुई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि लगभग 20 सीटों पर ही एक नाम तय हो सके। यही वजह है कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी जल्द खत्म हो गई और बड़े नेताओं को शीघ्र सभी सीटों पर राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों के साथ संगठन को साथ कर फैसला लेने को कहा गया है। हरियाणा भाजपा के उम्मीदवारों को तय करने के लिए शुक्रवार को भी केंद्रीय चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठकों का दौर चलता रहा। सूत्रों के अनुसार, पार्टी अपने कुछ बड़े नेताओं को भी चुनाव लड़ाने की तैयारी में है। इनमें संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव का नाम भी शामिल है। राज्यसभा के एक सांसद और लोकसभा की एक पूर्व सांसद का नाम भी है। कुछ बड़े नेताओं के परिवारों से भी टिकट देने की चर्चा है। साथ ही कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटने की भी तैयारी की गई है, लेकिन विरोध और बगावत से बचने के लिए पार्टी जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं कर रही। सूत्रों का यह भी कहना है कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक तो अब नहीं होगी, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेता मिलकर नाम तय कर केंद्रीय नेतृत्व से विचार-विमर्श करेंगे। भाजपा हरियाणा इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरूक्षेत्र की लडवा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

### गोहना सीट से क्यों लड़ना चाहते हैं पहलवान योगेश्वर दत्त?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वे इस चुनाव में गोहाना विधानसभा सीट से लड़ना चाहते हैं। योगेश्वर दत्त सितंबर 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा हो चुकी है, जिसमें मतदान 1 अक्टूबर को और परिणाम 4 अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, हमने मुख्यमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व को अपनी इच्छा जताई है कि हम गोहाना से चुनाव लड़ना चाहते हैं। मैंने पहले भी भाजपा से चुनाव लड़ा है, और इस बार मैं चाहता हूं कि मुझे गोहाना से चुनाव लड़ने का मौका मिले। योगेश्वर दत्त का गोहाना से खास लगाव है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। दत्त का जन्म हरियाणा के सोनीपत जिले के भैंसवाल कलां गांव में हुआ था।

# छत्तीसगढ़ में कोयले के लिए जंगल की कटाई फिर शुरू, विरोध के बीच काटे जा रहे 11 हजार पेड़

**अंबिकापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरंड क्षेत्र में परसा ईस्ट और केते बासेन चरण-दो कोयला खदान के लिए पेड़ों की कटाई शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बीच फिर से शुरू हो गई। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने हसदेव क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे 100 से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया। पीईकेबी खदान राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है।



**अब तक काटे जा चुके 3700 पेड़:** राज्य वन विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को उदयपुर विकास खंड में प्रस्तावित 74.130 हेक्टेयर वन भूमि (पीईकेबी चरण-दो खदान के लिए) में से 32 हेक्टेयर में पेड़ों की कटाई शुरू की गई। अब तक 3,694 पेड़ काटे जा चुके हैं। शेष पेड़ों की कटाई जारी है। बयान में कहा गया है कि चूंकि यह क्षेत्र संवेदनशील है, इसलिए पेड़ों की कटाई शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए जिला पुलिस बल, जिला प्रशासन और वन अधिकारियों की एक संयुक्त दल का गठन किया गया है। इसमें कहा गया है कि खदान क्षेत्र के पास के गांवों के कुछ निवासी इस कार्य में बाधा डाल रहे थे। उन्हें प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं करने के लिए राजी किया गया है। आरवीयूएनएल को साल 2007 में आवंटित पीईकेबी ब्लॉक में 762 हेक्टेयर भूमि में खनन का पहला चरण, केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 2012 में अंतिम अनुमोदन के बाद 2013 में शुरू किया गया था और वहां खनन पूरा हो गया है।

**दी 11 हजार पेड़ों को काटने की अनुमति :** राज्य वन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रालय ने 2022 में पीईकेकेबी चरण-दो खदान (सरगुजा) के लिए 1,136 हेक्टेयर वन भूमि की अनुमति दी है। ऋझ्रहरु को इस वर्ष 21 अगस्त को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) छत्तीसगढ़ द्वारा और अगले दिन 22 अगस्त को मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त द्वारा परियोजना के 10वें वर्ष में 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में खड़े 10,944 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। इसमें कहा गया है कि 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में कुल 10,944 पेड़ों की कटाई और परिवहन की अनुमति वन रेंज अधिकारी, उदयपुर (उत्पादन) को दी गई थी। हसदेव अरंड बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय ग्रामीण कई वर्षों से खदानों के आवंटन का विरोध कर रहे हैं। वन विभाग ने पहले भी पीईकेबी चरण दो कोयला खदान की शुरुआत का रास्ता साफ करने के लिए पेड़ों की कटाई शुरू करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के कड़े विरोध के कारण अधिकारियों को अपनी कार्रवाई रोकनी पड़ी थी। छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन (सीबीए) के संयोजक आलोक शुक्ला, जो इन कोयला खदानों के आवंटन के विरोध में सबसे आगे रहे हैं, ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक बार फिर राज्य सरकार ने पीईकेबी चरण दो के लिए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। इससे पहले भी पेड़ों को काटने की कोशिश की गई थी। स्थानीय ग्राम सभाओं ने क्षेत्र में कोयला खदान के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। सरकार ने पारित किया था प्रस्ताव शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने 2022 में (पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान) सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था कि हसदेव क्षेत्र में खनन गतिविधियां नहीं की जाएंगी। उस प्रस्ताव का सम्मान करने के बजाय नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने भारी सुरक्षा बल तैनात करके पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। उन्होंने यह भी दावा किया कि विरोध करने वाले ग्रामीणों को पुलिस ने हिरासत में लिया। शुक्ला ने कहा कि हम इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं और वनों की कटाई को तुरंत रोकने की मांग करते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार कॉर्पोरेट्स को लाभ पहुंचाने के लिए आदिवासी समुदायों के अधिकारों को छीन रही है। सरगुजा के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के दावों से इनकार किया और कहा कि एहतियात के तौर पर पुलिस ने उन्हें अन्य स्थानों पर भेज दिया है।

## प्रियंका गांधी और बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुए रॉबर्ट वाड्रा



**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने अपनी पत्नी और बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है. शुक्रवार को आध्यात्मिक यात्रा पर तेलंगाना पहुंचे वाड्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, उन्हें कभी-कभी अपनी पत्नी प्रियंका गांधी और बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता होती है. वाड्रा अपने दौरे के क्रम में कई पूजा स्थलों का दौरा किया. रॉबर्ट वाड्रा ने आगे कहा कि, कहा जाता है कि, देश में महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बन गया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि, एक दिन ऐसा आएगा, जब महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी. उन्होंने कहा कि, वह और राहुल गांधी देश की समस्याओं को एक ही नजरिए से देख रहे हैं. उन्होंने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं और अगले पांच साल बाद लोग उस बदलाव का समर्थन करेंगे. उन्होंने आगे कहा कि वे आध्यात्मिक भावना के साथ देश भर में घूम रहे हैं. उन्होंने बताया कि वे हैदराबाद आए और कई मंदिरों के दर्शन भी किए. उन्होंने कहा कि मंदिरों का इतिहास जानकर उन्हें बहुत खुशी होती है. वाड्रा ने इस दौरान भाजपा की महिला सांसद कंगना रनौत से भी महिला सुरक्षा के बारे में बात करने को कहा. वाड्रा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रही हैं और उनकी जीत उनकी सफलता का संकेत है. उन्होंने कोलकाता मामले में कहा कि वह चाहते हैं कि इस मामले में न्याय मिले. उन्होंने आगे कहा कि, वह आध्यात्मिक भावना के साथ हैदराबाद आए हैं और उसी भावना और विचारों के साथ मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों का दौरा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि, उनकी यह यात्रा राजनीति से प्रेरित नहीं है. हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता है और सभी राजनीतिक दलों को इस बारे में सोचना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीरः आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर दो कर्मचारी निलंबित

**अनंतनाग, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 24 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे. केंद्र शासित प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग तत्पर है. इसी दिशा में आयोग ने कड़े कदम उठाए हैं. आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर दो कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया. दो अन्य का वेतन रोका गया और एक अन्य के खिलाफ निलंबन की सिफारिश की गई. आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अनंतनाग के जिला प्रशासन ने चल रहे चुनावों के दौरान राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है.

सरकारी कर्मचारियों द्वारा राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन माना जाता है. राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो अन्य का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है. एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की संस्तुति की गई है।

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव से पहले भाजपा को झटका, सीनियर नेता ने दिया इस्तीफा, निर्दलीय लड़ने की धमकी

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के सिलसिले में टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर हंगामा जारी है। एक और बगावत के तहत सीनियर पार्टी नेता चंद्रमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी दी। बीजेपी इस केंद्र शासित प्रदेश में टिकट वितरण को लेकर असंतोष से जूझ रही है। जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद पार्टी नुकसान की भरपाई में जुट गई है और उसने केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को स्थिति को शांत करने व असंतुष्टों को मनाने का जिम्मा सौंपा है। 'तवी आंदोलन' के संयोजक चंद्रमोहन शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, 'टिकट के अनुचित वितरण को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष और गुस्सा है। वे अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक, मैं इससे दुखी होकर अन्य लोगों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।' उन्होंने पार्टी आलाकमान के सामने टिकट वितरण के प्रस्ताव को अनुपयुक्त ढंग से पेश करने को लेकर प्रदेश पार्टी नेतृत्व की आलोचना की।

**जम्मू पूर्व के लोग करते हैं पूरा समर्थन :** पेशे से वकील चंद्रमोहन शर्मा 1970 के दशक में पार्टी (तब जनसंघ) से जुड़े थे। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि पार्टी नेतृत्व मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लेगा। हालांकि, अगर वह जम्मू पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदलने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करता है, तो ठीक है। नहीं तो मैं उन कार्यकर्ताओं के आह्वान को स्वीकार करूंगा जो चाहते हैं कि मैं जम्मू पूर्व सीट से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ूं।' उन्होंने कहा कि जम्मू पूर्व क्षेत्र के लोग हमारा पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने तवी आंदोलन के दौरान हमारे साथ मिलकर काम किया है।



**जनसंघ में शामिल हुए और कई बार जेल गए :** चंद्रमोहन शर्मा ने कहा, 'अब समय आ गया है कि यहां डेरा डाले हुए सीनियर भाजपा नेता इस मामले पर कोई निर्णय लें।' वह दशकों पहले जनसंघ में शामिल हुए और बतौर भाजपा कार्यकर्ता कई बार जेल भी गए। उन्होंने पार्टी की प्रदेश इकाई में वरिष्ठ नेता होने के बाद भी उपेक्षा किए जाने पर अफसोस प्रकट किया। केंद्रीय मंत्री जीके रेड्डी, जितेंद्र सिंह और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता इस समय जम्मू में डेरा डाले हुए हैं। इन चुनाव में पार्टी के समक्ष उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए काम कर रहे हैं।

# जयराम ठाकुर ने हिमाचल में गिनाई कांग्रेस सरकार की नाकामियां, कहा- मेरी निजता का हो रहा हनन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र चल रहा है। सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर हंगामा मच गया। सदन से बाहर निकलने पर इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री द्वारा सवालों के जवाब न देने पर भाजपा विधायक दल ने सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में बागवानी कॉलेज बनाने के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया था, लेकिन मौजूदा सरकार कॉलेज नहीं बनाना चाहती और इसे किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना बना रही है। ठाकुर ने कहा, सवाल का जवाब देने की बजाय राजस्व मंत्री अप्रासंगिक बातें कर रहे थे और मुख्यमंत्री के पास भी संतोषजनक जवाब नहीं था। कांग्रेस सरकार ने मंडी जिले के साथ भेदभाव किया है और सत्ता में आते ही संस्थानों को बंद कर दिया है। मंडी शिव धाम, सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद कर दिया गया और अब सरकार बागवानी कॉलेज को भी बंद करने का काम कर रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को सदन में प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत अपने आवास के पास ड्रोन उड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुझ पर नजर रखी जा रही है। शिमला के एसपी मेरी निजता का हनन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के घर कौन आ-जा रहा है, इस पर नजर रखी जा रही है। फोन टैप किए जा रहे हैं, जो सही तरीका नहीं है। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि अधिकारी अपनी सीमाएं लांघ रहे हैं, जो सही नहीं है। समय बदलता रहता है, सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन अधिकारियों को सीमाओं में रहकर काम करना होता है। मेरी निजता का हनन किया जा रहा है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को स्पीकर की टिप्पणी को लेकर सदन में हंगामा हुआ। भाजपा विधायक इंद्र लखनपाल ने कहा कि स्पीकर ने चुनाव के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद चिनार कोर को मिले नए जीओसी, 3 जिलों के एसएसपी भी बदले गए

**श्रीनगर, एजेंसी।** चिनार कोर कमांडर रहे लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को मिलिट्री ऑपरेशंस का महानिदेशक बनाए जाने के बाद, शुक्रवार को लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव को चिनार कोर का अगला कमांडर नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना ने श्रीनगर स्थित 15 कोर का नया कमांडर नियुक्त किया है, जो 15 अक्टूबर से पदभार ग्रहण कर लेंगे। जम्मू एवं कश्मीर में 10 साल के अंतराल के बाद 18 सितंबर से चुनाव होने जा रहे हैं, जो 1 अक्टूबर तक चलेंगे। इन चुनावों का परिणाम 4 अक्टूबर को आएगा।

लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने कश्मीर घाटी में सेना की बड़े पैमाने पर तैनाती की है। वह सेना मुख्यालय में आने से पहले घाटी में राष्ट्रीय राइफल्स की कमान संभाल रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई भारतीय सेना में कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा देने वाली कोर के प्रभारी कमांडर बने रहेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल घई को लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा की जगह सैन्य संचालन के नए महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभालने की मंजूरी दे दी गई है। लेफ्टिनेंट जनरल घई आतंकवाद विरोधी अभियानों के विशेषज्ञ हैं और उन्होंने सेना के उत्तरी कमांडर के तौर पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ काम किया है। इस वर्ष 31 अक्टूबर को सेना मुख्यालय के दो महत्वपूर्ण पदाधिकारी रणनीति मामलों के उप



प्रमुख और क्षमता विकास और भरण-पोषण मामलों के उप प्रमुख सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

22 जुलाई को जारी नई पोस्टिंग की सूची में कई वरिष्ठ अधिकारियों को पहले ही दीमापुर में 3 कोर और नए आर्मी वॉर कॉलेज कमांडेंट जैसी जगहों पर कार्यभार संभालने के लिए भेजा जा चुका है। इस बीच, चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद, जम्मू-कश्मीर सरकार ने इम्तियाज हुसैन को श्रीनगर जिले का नया एसएसपी, जाहिद मलिक को बारामुला जिले का नया एसएसपी, गुलाम जिलानी को कुपवाड़ा का नया एसएसपी और इफरोज अहमद को हंदवाड़ा का एसपी नियुक्त किया है।

# गलतियों पर पर्दा डालने की कोशिश, ममता बनर्जी की चिट्ठी पर भड़का केंद्र, आंकड़ों से दिया जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दूसरे पत्र का जवाब दिया है। इसमें बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर सख्त कानून और सजा की मांग की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित अपने दूसरे पत्र में ममता बनर्जी ने बलात्कार और हत्या के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की थी। ये दोनों पत्र कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के बीच आए हैं। भाजपा ने ममता के पत्रों को लेकर उन्हें झूठी कहा था और सवाल किया था कि उन्होंने अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मौजूदा कड़े नियमों और कानूनों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कुछ क्यों नहीं किया।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ममता बनर्जी को दिए अपने जवाब में कहा, पश्चिम बंगाल में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट और विशेष पॉक्सो कोर्ट की स्थिति के बारे में आपके पत्र में दी गई जानकारी के संबंध में मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि कलकत्ता हाईकोर्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल ने 88 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए हैं। यह केंद्र सरकार की योजना के तहत आने वाले



फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के समान नहीं हैं। उन्होंने आगे लिखा, पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो के 48,600 मामले लंबित होने के बावजूद राज्य ने अतिरिक्त 11 एफटीएससी को चालू नहीं किया है। यह राज्य की आवश्यकता के अनुसार विशेष पॉक्सो न्यायालय या बलात्कार और पॉक्सो दोनों मामलों से निपटने वाले संयुक्त ख्रङ्मस्ट हो सकते हैं। जैसा कि देखा जा सकता है इस संबंध में आपके पत्र में निहित जानकारी तथ्यात्मक रूप से गलत है और ऐसा लगता है कि यह राज्य द्वारा एफटीएससी को चालू करने में देरी पर पर्दा डालने की दिशा में एक कदम है।

पश्चिम बंगाल के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने भी बंगाल की मुख्यमंत्री पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए नियमों और कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने पर सवाल उठाया है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। डॉक्टरों और चिकित्सा पेशे से जुड़े अन्य लोगों ने अपने कार्यस्थल पर सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौलिक सुधारों की मांग की है।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने इस घटना का राजनीतिकरण किया है। हालांकि, भाजपा ने ममता बनर्जी की पार्टी पर आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच चल रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मुख्य संदिग्ध संजय रॉय को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसे उस अस्पताल के सेमिनार कक्ष के बाहर सीसीटीवी में देखा गया था, जहां जूनियर डॉक्टर का शव मिला था।

## संक्षिप्त समाचार



पेरिस पैरालंपिक : 2024

## भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक में भारत के लिए 30 अगस्त का दिन खास रहा। खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात करीब 12.20 बजे से शुरु हुआ फाइनल मुकाबला आशा के अनुरूप परिणाम लेकर नहीं आया। भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे।


इसी के साथ मनु की पदक जीतने की आस खत्म हो गई। पैरालंपिक पदक तालिका में भारत 31 अगस्त के दिन सभी इवेंट समाप्त होने के बाद एक स्वर्ण पदक, एक रजत और एक कांस्य के साथ 17वें नंबर पर है।

### भारत की शानदार शुरुआत, एक ही दिन में चार पदक

शॉट पुट एफ-37 के फाइनल मुकाबले से पहले चार भारतीय एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन किए। खिलाड़ियों ने शानदार शरुआत करते हुए एक ही दिन में चार पदक अपने नाम किए।

पैरालंपिक शूटिंग स्पर्धा में अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल एस एच-1 इवेंट के फाइनल में स्वर्ण पर निशाना साधा। इसी इवेंट की पुरुषों की स्पर्धा में भारत की तरफ से मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता। इसके अलावा राजस्थान की मोना अग्रवाल और उत्तर प्रदेश की प्रीति ने कांस्य पदक जीते।

## आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे। वह पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का उद्घाटन करेंगे। इस इवेंट का उद्देश्य देश में पिकलबॉल को फेमस करना है। पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग की ओर से हाल ही में एक नए रैंकिंग स्ट्रक्चर की शुरुआत की गई। इसके तहत पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड टूर और पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड सीरीज के लॉन्च के बाद पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का आयोजन हो रहा है। पीडब्ल्यूआर

अपने भारतीय फैंस के लिए एक वीडियो मैसेज जारी करते हुए अगासी ने कहा, 'मैं भारत आने और पिकलबॉल के रोमांच को फैंस तक पहुंचाने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं पीडब्ल्यूआर पीडब्ल्यूआर इंडियन टूर एंड लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद करता हूं कि यह देश में एक बड़ी सफलता होगी।' अमेरिका के दिग्गज टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी ने 4 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब, 2 बार यूएस ओपन का खिताब, 1-1 बार फ्रेंच ओपन और विंबलडन का खिताब जीता है।

# सुर्यकुमार यादव के हाथ पर लगी चोट दलीप ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्यांकुमार के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की सपना अभी पूरा नहीं होगा। दलीप ट्रॉफी से तुरंत पहले आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेल रहे सूर्यकुमार ने खुद को जख्मी कर लिया है।

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में वह श्रेयस अय्यर, ईशान किशन और सरफराज खान के साथ शामिल हुए थे। सूर्या टीएनसीए इलेवन के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप-स्टेज गेम से पहले मुंबई टीम में शामिल हुए। पहली पारी में सूर्या और उनकी टीम दोनों का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन रहा।

स्काई ने 30 रन बनाए और टीएनसीए इलेवन के 379 रन के जवाब में मुंबई 156 रन पर आउट हो गई। मैच की तीसरी पारी में तीसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय सूर्या लेग स्लिप पर थे, तभी गेंद को ठीक से पकड़ नहीं पाए। सूर्या ने दर्द से अपना दाहिना हाथ मरोड़ लिया। मुंबई मेडिकल स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा। उनका इलाज हुआ लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया।

इस सप्ताह की शुरुआत में, सूर्या ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा दोहराई थी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से हैं और उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हालांकि, उनका एकदिवसीय रिकॉर्ड औसत रहा है और उन्होंने एक टेस्ट फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला है। उन्होंने 8 रन ही बनाए थे। पूर्व बीसीसीआई और अब-आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में अधिक भाग लेने के निर्देश के बाद, इस साल की दलीप ट्रॉफी में कई राष्ट्रीय टीम के सितारे एक्शन में दिखेंगे। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, ऋषभ पंत, केएल राहुल, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रवींद्र जड़ेजा और मोहम्मद सिराज इसमें शामिल नहीं होंगे।



## भारत के स्टार खिलाड़ी परवेज खान को किया गया सस्पेंड

### लग सकता है 4 साल का बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय एथलीट्स की ओर के कमाल का खेल देखने को मिल रहा है. वह अभी तक 4 मेडल जीत चुके हैं, जिसमें एक गोल्ड मेडल शामिल है.

खास बात है कि ये चारों मेडल एक ही दिन में आए हैं. इसी बीच भारत के टॉप मिडिल डिस्टेंस रनर परवेज खान को लेकर बुरी खबर सामने आई है. परवेज खान हाल ही में काफी सुर्खियों में आए थे, लेकिन अब खबर सामने आई है कि वह डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं. ऐसे में उन्हें अस्थाई रूप से सस्पेंड कर दिया गया है. अब उन पर 4 साल का बैन लगने का खतरा भी मंडरा रहा है.

### भारतीय स्टार एथलीट पर बैन का खतरा

हाल ही में अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के परवेज खान को अगर डोपिंग का दोषी पाया जाता है तो उन पर अधिकतम चार साल का बैन लग सकता है. इस घटनाक्रम से जुड़े एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, परवेज खान को डोप जांच में फेल होने के बाद नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है.'

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने जो अस्थायी निलंबन लगाया है, उसके शुरू होने की तारीख की जानकारी नहीं मिली है. प्रतिबंधित पदार्थ किस तरह का है, इसकी भी पुष्टि नहीं की जा सकी है. यह लगभग तय है कि उनका डोप नमूना हरियाणा के पंचकुला में हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) के दौरान लिया गया था, जिसमें वह जून 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में खेलने के बाद पहली बार किसी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे थे.

### कौन हैं रनर परवेज खान?

हरियाणा के नूंह जिले के रहने वाले परवेज खान भारत के उभरते हुए सितारे हैं. वह मेवात जिले के तावडू खंड के गांव चाहल्का के रहने वाले हैं. उन्होंने अमेरिका में इसी साल कॉलेजिएट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ जीती थी.

इससे पहले परवेज अंडर 16 में 800 मीटर में नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके है. जिसके बाद लगातार 202122 में परवेज नेशनल चैंपियन भी रह हैं. बता दें, परवेज को शुक्रवार (30 अगस्त) को बेंगलुरु में शुरू हुई ओपन नेशनल चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में भाग लेना था, लेकिन इस रेस से भी उनका नाम हटा दिया गया. एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खान के पास नाडा का पत्र मिलने के बाद 'बी' सैंपल टेस्ट करवाने के लिए सात दिन का समय है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि एथलीट उस टेस्ट में रुचि नहीं रखता है. अगर आरोप साबित हो जाता है, तो उन्हें चार साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है.



## टीम इंडिया में राहुल द्रविड के बेटे की एंट्री

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते आएंगे नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अंडर 19 टीम का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम अगले महीने भारत आएगी। इस टीम में कर्नाटक के ऑलराउंडर समित द्रविड़ को भी चुना गया है जो कि पहली बार टीम इंडिया का हिस्सा बनेंगे। समित भारत के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं। समित ने हाल ही में कर्नाटक की महाराजा टी20 ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। वह मयसुरू वॉरियर्स स्क्वाड की ओर से खेले थे। यह उनका पहला सीनियर टी20 टूर्नामेंट था। उन्होंने सात पारियों में 114 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे। उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था।

18 साल के समित ने इस साल कर्नाटक को कूच बिहार ट्रॉफी जिताने में अहम रोल निभाया था।

## काउंटी चैम्पियनशिप में साई सुदर्शन का पहला शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सरे के लिए अपना पहला काउंटी चैंपियनशिप शतक बना लिया है। नॉटिंघमशायर के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु के बल्लेबाज ने 178 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए सुदर्शन ने सरे को पहली पारी में 525 रनों तक पहुंचा दिया।

सुदर्शन ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। तब 151वां ओवर चल रहा था। गेंद स्पिनर फरहान के हाथ में थी लेकिन साई ने जोरदार शॉट लगाकर अपना रिकॉर्ड पूरा कर लिया। नॉटिंघमशायर के खिलाफ चल रहा मैच सुदर्शन की सरे के लिए दूसरी काउंटी चैम्पियनशिप उपस्थिति है, इससे पहले कि वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में भाग लेने के लिए घर लौटेंगे।

उन्हें टीम सी में नामित किया गया है, जिसकी कप्तानी महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ करेंगे। वहीं, सरे के लिए कप्तान रोरी बर्न्स ने 266 गेंदों में 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 161 रन बनाए। रेयान पटेल ने 77, विल जैक्स ने 59 रन बनाए जबकि जॉर्डन क्लार्क ने 53 रनों का योगदान दिया। नॉटिंघमशायर के लिए फरहान अहमद सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने 140 रन देकर 7 विकेट लिए।

सरे वर्तमान में डिवीजन वन चार्ट में शीर्ष पर है और लगातार तीसरे काउंटी खिताब पर नजर गड़ाए हुए है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जून में ओवल में एसेक्स के साथ सरे के आखिरी चैम्पियनशिप मैच में भाग लिया और साथ ही सितंबर 2023 में सरे के लिए दो बार प्रदर्शन किया।

## आईपीएल में गेंदबाजों से छिन सकता है ये बड़ा हथियार बीसीसीआई कर रही है विचार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में दो नियम चर्चा का विषय रहे थे. बीसीसीआई ने खेल को रोचक बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर और एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमति दी थी. इम्पैक्ट प्लेयर ने जहां टीम को एक्सट्रा प्लेयर खिलाने का विकल्प दिया था, वहीं दो बाउंसर के रूप में गेंदबाजों को बड़ा हथियार मिला था. इस नियम का सभी ने खूब स्वागत किया था. वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर पर खेल के बैलेंस को बिगाड़ने के आरोप लगे और लीग से हटाने की मांग की गई. अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड इन दोनों ही नियम का रिव्यू कर रहा है. अगर ये दोनों नियम हटाए गए तो बल्लेबाजों पर असर पड़े ना पड़े, लेकिन गेंदबाजों के हाथ से बड़ा हथियार जरूर छिन जाएगा.

### आईपीएल से हटेगा दो बाउंसर का नियम?

ऐसा माना जाता है कि टी20 बल्लेबाजों का फॉर्मेट है. गेंदबाजों के पास खुद को बचाने के लिए बहुत कम हथियार होते हैं. इसलिए बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंदबाजों को एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमित देकर एक्सपेरिमेंट किया था, जिसका क्रिकेटर्स ने जमकर स्वागत किया था.

रिपोर्ट के अनुसार ये नियम खासतौर से इंटर स्टेट घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए लाया गया था. वहां सफलता मिलने के बाद इसे आईपीएल में भी लागू किया गया, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ही बाउंसर की अनुमति होती है. इसलिए बीसीसीआई अब इसे हटाने पर विचार कर रही है. हालांकि, बोर्ड अभी दुविधा में है और कोई भी फैसला नहीं कर सका है.

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम का रिव्यू

एक तरफ जहां दो बाउंसर के नियम का स्वागत हुआ था, वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर बवाल मच गया था.

पैरालंपिक 2024

## निशानेबाज स्वरूप को लगा झटका, फाइनल में जगह बनाने से चूके, 14वें स्थान पर रहे



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से 10.5 अंक आगे रहे।

भारतीय पैरा निशानेबाज स्वरूप महावीर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 क्वालिफिकेशन में 613.4 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। इस स्पर्धा में शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन स्वरूप ऐसा करने से चूक गए। स्वरूप पदक के दावेदार थे। हालांकि, उनके हाथ निराशा लगी।

टोक्यो में भी पदक से चूक गए थे स्वरूप

टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे।

बचपन में पोलियो से हो गए थे पीड़ित

कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था। उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने

## विराट कोहली और जो रूट की कर दी तुलना !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 143 रनों की शानदार पारी खेली. यह रूट के टेस्ट करियर का 33वां शतक रहा. इस शतक से रूट चर्चाओं का विषय बन गए. कोई उन्हें फैब-4 में सबसे बेस्ट खिलाड़ी बताने लगा, तो किसी ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे. इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रूट और विराट कोहली की तुलना करके भारतीय फैंस को खूब चिढ़ाया.

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले माइकल वॉन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की. पोस्ट में एक कागज दिख रहा है, जिसमें एक तरफ विराट कोहली के टेस्ट आंकड़े लिखे हुए हैं और दूसरी तरफ जो रूट के टेस्ट आंकड़े हैं.

### फैंस ने लगा दी लताड़

वॉन की यह पोस्ट फैंस को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और उन्होंने पूर्व इंग्लिश कप्तान को लताड़ लगा दी. एक यूजर ने लिखा, रूट को विराट कोहली के 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बराबर करने के लिए दो जन्म लेने पड़ेंगे. एक दूसरे यूजर ने लिखा, 75 पारियों में 3 शतक का फर्क.बाकी एक यूजर ने लिखा, कोहली तीनों फॉर्मेट और लीग में डॉमिनेट करते हैं.

### अब तक ऐसा रहा कोहली और रूट का टेस्ट करियर

विराट कोहली: भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 113 मैच खेल लिए हैं. इन मैचों की 191 पारियों में बैटिंग करते हुए उन्होंने 49.16 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

जो रूट: इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने अब तक अपने करियर में 145 टेस्ट खेल लिए हैं. इन मैचों की 264 पारियों में उन्होंने 50.72 की औसत से 12274 रन स्कोर कर लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 33 शतक और 64 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254 रनों का रहा है.

# शासन की समस्त योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय सीमा में प्राप्त हो : परमार

## प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**पन्ना।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ आमजनों को निश्चित समयावधि पर प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। जनहितैषी निर्माण कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के साथ ही स्थानीयजनों को कार्यों के लाभ के बारे में जागरूक भी करें। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ कार्य कर समयावधि में लक्ष्यपूर्ति का प्रयास भी किया जाए। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कही।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय गतिविधियों व कार्यों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। प्रथम बैठक में अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित विधायक प्रह्लाद लोधी एवं राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, बृजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, वन मंडल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार, दक्षिण पुनीत सोनकर, पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक मोहित सूद तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



प्रभारी मंत्री श्री परमार ने जिले में आयुष्मान कार्ड की प्रगति संबंधी जानकारी लेकर जननी सुरक्षा योजना के स्वीकृत प्रकरणों में अब तक लाभ से वंचित महिला हितग्राहियों की संख्या के बारे में जानकारी ली और जननी सुरक्षा सहित सभी विभागों के हितग्राहीमूलक प्रकरणों में अविलंब लाभ प्रदान करने के लिए कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया। इसी तरह निर्धारित समय सीमा में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और समस्त संबल हितग्राहियों को राशन वितरण के संबध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही राशन प्राप्त करने से वंचित न रहे। साथ ही निर्देश दिए कि आमजनों को विभागीय हितलाभ से लाभांवित करने के लिए शिविर लगाएं और इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को भी दें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने पर ध्यान दें। नियमित रूप से स्कूल की मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी भी नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की एकेडमिक व अन्य दक्षताओं का आंकलन करें। पीएम श्री और सीएम राइज स्कूलों में निर्धारित मानक अनुसार सभी व्यवस्थाएं व सुविधाओं का विकास सुनिश्चित हो। स्कूल भवन के लिए भूमि की आवश्यकता संबंधी प्रकरण का तत्काल निराकरण करें। साथ ही शिक्षकों के जरूरी प्रशिक्षण की कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने छात्रावास में भोजन व्यवस्था की जानकारी भी ली। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व छात्रावासों के आकस्मिक निरीक्षण तथा किसी भी लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए कहा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्नत रूप में विकसित करें। इस दौरान वोकेशनल एजुकेशन और पुस्तक वितरण, गणवेश व साइकिल वितरण की जानकारी ली। इसके अलावा पूर्व में गुणवत्ताहीन गणवेश वितरण शिकायत के संबंध में समिति बनाकर जांच के निर्देश भी दिए।

प्रभारी मंत्री ने जिला परियोजना समन्वय को मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के उद्देश्य से औचक एवं सतत भ्रमण के लिए निर्देशित किया। साथ ही डीईओ एवं डीपीसी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ड्राफ्ट का अध्ययन कर नीति के प्रावधान अनुसार विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों के क्रियान्वयन के लिए अपडेट रहने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान अनुग्रह राशि के तत्काल स्वीकृति और व्यवहारिक कठिनाईयों को दूर करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह आगामी विवाह मुहूर्त में तिथि निश्चित कर गरीब कन्याओं के विवाह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा।

प्रभारी मंत्री ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कृषकों के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में ग्राम चिन्हांकित कर आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। कृषि को सुधार की ओर ले जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण में किसानों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने तथा उर्वरकों के अधिक एवं निर्धारित सीमा से ज्यादा उपयोग से होने वाले नुकसान से भी किसानों को अवगत कराने के निर्देश दिए। उप संचालक पशुपालन को विभाग की योजनाओं से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए छोटे एवं नवीन किसानों व हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए कहा। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सड़क व विद्युतविहीन ग्रामों की जानकारी लेकर कार्ययोजना तैयार करने और लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विकासखण्ड स्तर पर योजना तैयार कर प्रचारित करने के लिए भी कहा। इसी तरह एक जिला एक उत्पाद के तहत आंवला उत्पाद यूनिट को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रयास, आयुष विभाग के हर्बल गार्डन एवं देवारण्य योजना के क्रियान्यवन, 100 से ज्यादा आबादी वाले ग्रामों में सड़क सुविधा के लिए आवश्यक सर्वे इत्यादि के संबंध में भी निर्देशित किया गया। अन्य विभागों के योजनाओं की भी समीक्षा हुई। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने बैठक के पूर्व सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट की और श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ भी प्राप्त किया।

# अटल भू-जल योजना अंतर्गत हुई कार्यशाला

## विशेषज्ञों ने लाभप्रद जानकारी से अवगत कराया

**पन्ना।** अटल भूजल योजना अंतर्गत सही फसल-कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गत गुरूवार को वाल्मी संस्था भोपाल के माध्यम स्थानीय टाउन हॉल में किया गया। विशेषज्ञों द्वारा अटल भूजल योजना की संक्षिप्त जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। आनंद पाण्डेय द्वारा जिले में योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। विवेक मौर्य ने सप्लाई व डिमांड साइड की जानकारी दी। दिल्ली से उपस्थित हुए सौरभ गुप्ता सीनियर कंसलटेंट ने प्रतिभागियों को समझाया कि सही फसल क्या होती हैं, इससे क्या आशय है, इसका परिचय एवं उद्देश्य से उपस्थित लोगों को रूबरू करवाया गया। भारत में भूजल की उपलब्धता और जिले में इसकी स्थिति पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जल संरक्षण को लेकर बुंदेली भाषा में लोकगीत भी प्रस्तुत किया गया। अजयगढ़ विकासखंड की फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की बहन वंदना एवं रंझन कोरी ने बताया कि 350 सदस्यों की समिति द्वारा दलहन तिलहन फसलों का चयन कर प्रतिदिन 10 क्विंटल दाल तैयार कर व विक्रय कर अपनी आजीविका का निर्वाह कर रही हैं। बकरी पालन को भी बहनों ने अपनाया है। ग्रामीण किसानों को कृषि में परंपरागत तरीके से उत्पादन करने के स्थान पर सही फसल का चयन कैसे करें, फसल चक्र अपनाने, कम पानी की खपत वाली फसलों का चयन करने तथा सिंचाई के आधुनिक यंत्रों का उपयोग करने के बारे में बताया गया। कृषि में जल का उपयोग, उन्नत जल सिंचाई पद्धतियां और फसल विविधीकरण पर विस्तार से परिचर्चा की गई। आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना के विशेषज्ञ पी.एन. त्रिपाठी ने जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। आर.के. सिंह उद्यानिकी विशेषज्ञ ने सब्जी उत्पादन पर लोगों को आकृष्ट किया। नाबार्ड के विवेक गुप्ता ने अन्य योजनाओं के साथ नाबार्ड से समन्वय पर जोर दिया। साथ ही नाबार्ड की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। कार्यशाला के समापन उपरांत उपस्थितजनों ने कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर सही फसल और कृषि में जल की उपयोगिता वृद्धि की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रत्यक्ष अवलोकन कर बारीकियां भी सीखीं।

# छेडख़ानी के मामले में बयान बदलने के लिए पीड़ित और उसके परिजनों को धमकाया

**सतना।** नाबालिग से छेडख़ानी के मामले में गवाहों को धमकाने के आरोप पर सिविल लाइन पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके परिजन समेत एक अधिवक्ता के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 6 महीने पहले आरोपी कल्याण सिंह के खिलाफ एक छात्रा को अपनी बोलेरो में लिफ्ट देने के बहाने छेडख़ानी करने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें वह गिरफ्तार होकर जेल भी गया था। उक्त प्रकरण में जमानत के बाद आरोपी बाहर आ गया। इसी बीच 27 अगस्त को जब पीड़िता घर वालों के साथ जिला न्यायालय में बयान देने आई, तब आरोपी कल्याण समेत उसके वकील रामानुज सेन के द्वारा बयान न देने का दबाव बनाया गया। वहीं कोर्ट से लौटने के बाद रात लगभग 11 बजे मुख्य आरोपी समेत उसके पिता दमन सिंह, मां शोभा सिंह और भाई रावेन्द्र सिंह ने पीड़िता के घर पर धावा बोल दिया। आरोपी बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे, तब आवाज सुनकर छात्रा के परिजन बाहर निकल आए जिनको देखते ही आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढने् पर मोहल्ले-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीड़ित पक्ष रिपोर्ट करने के लिए चल दिया तब भी आरोपियों ने चार पहिया वाहन से पीछा कर रास्ते में रोककर धमकी दी।

# बांधवगढ़ कॉलोनी में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सतना।** कोलगवां पुलिस ने बांधवगढ़ कॉलोनी में चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों को पकड़ लिया, जिनके कब्जे से वाशिंग मशीन बरामद की गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी पवन राज ने बताया कि 26 अगस्त की रात को अयप्पा मंदिर के पास रहने वाले दुर्योधन सिंह के घर में घुसे बदमाशों ने आंगन में रखी 15 हजार की वाशिंग मशीन चोरी कर ली थी, जिसकी रिपोर्ट अगले दिन दर्ज कराई गई।

तब बीएनएस की धारा 331(4) और 305 के तहत कायमी कर जांच प्रारंभ की गई। इस दौरान मुखबिर से मिले सुराग पर आईटीआई बसोर बस्ती निवासी सचिन पुत्र रमेश वंशकार 23 वर्ष और रंगीला पुत्र बनवारी वंशकार 21 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने जुर्म स्वीकार कर लिया।

तब उनकी निशानदेही पर वाशिंग मशीन जब्त की गई। दोनों आरोपियों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह, बृजेश सिंह, वाजिद खान, सतेन्द्र सिंह, आरक्षक विजय बागरी, धर्मेन्द्र गुर्जर और कृष्ण रंजन सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रेक्षक व्यवस्था के संबंध में संशोधित आदेश जारी

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पन्ना जिले में नगर परिषद अजयगढ़ के पार्षद तथा पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शरद कुमार श्रोत्रिय को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री श्रोत्रिय प्रथम चरण में आगामी 31 अगस्त तक भ्रमण पर रहेंगे, जबकि द्वितीय चरण में 10 से 15 सितम्बर तक भ्रमण निर्धारित है। प्रेक्षक के लिए पूर्व में आवश्यक कार्य व सहयोग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई थी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा ड्यूटी के संबंध में पूर्व के समस्त आदेश को निरस्त कर तत्काल प्रभाव से संशोधित आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत जिला सत्कार अधिकारी को उच्च विश्रामगृह एवं अन्य विश्रामगृहों में कक्ष आरक्षण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजयगढ़ राजेन्द्र सिंह को नगरीय निकाय भ्रमण का व्यवस्था प्रभारी तथा सहायक यंत्री प्रशांत नायक को नगरीय निकाय भ्रमण के लिए लायजनिंग अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जनपद क्षेत्र भ्रमण का व्यवस्था प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ गुनौर धीरज चौधरी एवं जनपद क्षेत्र के लिए लायजनिंग अधिकारी का उत्तरदायित्व उपयंत्री श्रीरंग सोनी को सौंपा गया है।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों ने जे के सीमेंट का किया औद्योगिक भ्रमण

**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 29अगस्त 2024 को एक्सपोजर विजीट अंतर्गत पन्ना जिले के अमानगंज तहसील स्थित जे के सीमेंट प्लांट का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को उद्योग के व्यावहारिक पहलुओं को जानने तकनीकी कार्य प्रणाली समझने आवश्यक दक्षताओं से परिचित कराने तथा उन्हे पॉलीटेक्निक कोर्स के पश्चात इस ओर आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।जेके सीमेंट प्लांट पन्ना जिले के अमानगंज तहसील में स्थित एक वृहत सीमेंट उत्पादन इकाई है। जे के सीमेंट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत के मध्य क्षेत्र में पन्ना जिले मध्य प्रदेश में स्थित है। इस प्लांट को 2 नवंबर 2022 को चालू किया गया और वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया गया। संयंत्र की स्थापित क्षमता 2.64 एमएनटीपी क्लिंकर और 2 एमएनटीपी सीमेंट है इस भ्रमण के दौरान जे के सीमेंट के कंट्रोल हेड दीपक मिश्रा साथ मे रहे ।



श्री मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग में कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात प्लांट के अंदर ले जाकर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निर्मित किए जाने वाले सीमेंट को गुणवत्ता पूर्वक बनाने उसे पैक करने से लेकर ट्रांसपोर्ट में भेजने तक की पूरी प्रक्रिया दिखाकर उसे विस्तृत रूप से समझाया गया। इस भ्रमण में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के क्रमश- सिविल इंजीन्यरिंग, मेकेनिकल इंजीन्यरिंग तथा कम्प्युटर साइन्स इंजीन्यरिंग के विद्यार्थी सम्मिलित रहे जिन्होने जे के सीमेंट प्लांट अंतर्गत पूरी निर्माण प्रक्रिया को समझा।

भ्रमण कार्यक्रम को संस्था के बीआईएस मैंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया । इस कार्य में एन. सी. मिस्त्री तथा संस्था के अतिथि व्याख्याता हरगोविंद कुर्मी, श्रीमति शिवांगी जैन, सुश्री मोनिका गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी द्वारा इस भ्रमण को आयोजित कराने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल जे के सीमेंट प्रबंधन तथा संस्था के सभी सहयोगियों धन्यवाद दिया तथा जिले के विद्यार्थियों से तकनीकी शिक्षा अर्जित करने तथा देश सेवा के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज में अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेने का आग्रह किया गया।

## समाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग

# छात्रा को दी गयी मोटराईज बैट्री चलित वाहन एवं वृद्धा को व्हील चेयर



**शाहनगर।** समाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग जनपद शाहनगर के द्वारा शिवानी पाल पिता दिनेश पाल ग्राम पंचायत परसवारा जो बायें पैर से विकलांग है । जिसकी उम्र 22वर्ष है जिसे मोटराईज बैटरी चलित वाहन एवं ग्राम पंचायत हरदुआ पटेल की सुमंत्रीबाई को व्हील चेयर प्रदान की गयी इस अवसर पर जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी सहित सहायक यंत्री प्रशांत वर्मा समाजिक न्याय अधिकारी सिद्धगोपाल अनुरागी ब्लाक समन्वयक आसिफ हुसैन अंसारी पीसीओ कमल प्रताप सिंह बुन्देला एवं बैभव प्रताप सिह सहित जनपद अमला मौजूद रहा।इस अवसर पर शिवानी पाल ने बताया की मे कटनी जिले के शासकीय कॉलेज मे बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हूं मुझे गर्व है की ऐसे विभागों पर निश्चित ही हम जैसी छात्रायों का मनोबल बढता है ।

# सदस्यता अभियान के लिए अजय पाठक को बनाया गया प्रभारी



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जी की सहमति से अजय पाठक को सहकारिता प्रकोष्ठ का सागर संभाग का सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया जिस पर श्री पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा को एवं प्रदेश संगठन व जिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पंचायत मीटिंग में वेब सीरीज जैसा ड्रामा, सचिव-उपसरपंच ने नहीं दी महिला प्रधान को कुर्सी

**सतना।** जिले की मामला रामपुर बघेलान जनपद पंचायत की अकौना ग्राम पंचायत महिला सरपंच को ग्राम सभा की बैठक में बैठने के लिए कुर्सी नहीं दी गई। उससे घर से कुर्सी लाने को कहा गया। सरपंच श्रद्धा सिंह ने पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है।

पत्र में यह भी बताया गया है कि स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें उप सरपंच और सचिव ने ध्वजारोहण नहीं करने दिया।सरपंच श्रद्धा सिंह के अनुसार गत 17 अगस्त को ग्राम सभा की बैठक के दौरान कुर्सी मांगी, तो उप सरपंच और सचिव ने मना कर दिया। साथ ही कहा गया कि अगर कुर्सी चाहिए तो अपने घर से लेकर आओ।

सरपंच ने मंत्री को लिखे पत्र में बताया गया हैं कि स्वतंत्रता दिवस पर राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, ध्वजारोहण सरपंच को ही करना था। उन्होंने पंचायत सचिव विजय प्रताप सिंह को भी इस बात की जानकारी दी थी, लेकिन उनके उप सरपंच धर्मेंद्र सिंह बघेल ने ध्वजारोहण कर दिया था। महिला सरपंच ने आरोप लगाया है कि यह घटना सिर्फ एक महिला होने के कारण नहीं, बल्कि समाज से होने के कारण जानबूझकर की गई योजना का हिस्सा थी। सरपंच ने इसे अपने खिलाफ एक साजिश और अपमान का खुला उदाहरण बताया। वहीं दूसरी ओर महिला सरपंच द्वारा लगाए गए आरोप के बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को नोटिस जारी का जवाब तलब किया है । दूसरी ओर मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा इस तरह का कोई पत्र मिलने की जानकारी इनकार किया है।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी आग, 2 बच्चों समेत महिला झुलसी

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के डिलौरा-रामवन में गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज से आग भडक् गई, जिसमें महिला समेत उसके 2 छोटे बच्चे झुलस गए। पुलिस ने बताया कि राजकुमार प्रजापति निवासी भटनवारा थाना उचेहरा अपनी पत्नी रेनू बाई 27 वर्ष, पुत्र प्रिंस 6 वर्ष और पुत्री प्रियांशी 4 वर्ष के साथ डिलौरा-रामवन में ससुर के ईंट-भट्ठे पर काम करने गया था, जहां गुरूवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे रेनू ने खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस चूल्हा जलाया, तभी पाइप के लीकेज से आग लग गई और देखते ही देखते पूरा कमरा लपटों से घिर गया। इस दौरान हल्ला-गोहार सुनकर पति समेत अन्य मजदूर मदद के लिए दौड़ पड़े और कमरे के पीछे वाली दीवार तोडक़र महिला और उसके दोनों बच्चों को बाहर निकाल लाए और तब तक तीनों बुरी तरह झुलस चुके थे।

# सतना में गायों को उफनती नदी में फेंका, 20 की मौत, नागौद पुलिस ने नाबालिग समेत 4 को किया गिरफ्तार

**सतना।** सतना में शर्मसार करने वाली घटना सामने आई, जहां कुछ लोगों ने कई गायों को उफनती नदी में फेंक दिया था। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। सतना पुलिस ने नाबालिग समेत 4 आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के मुताबिक नागौद और सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीमाई इलाके के ग्राम बमहौर में मंगलवार को गायों को पीट-पीटकर उफनाई नदी में धकेलने और तड़पने-मरने के लिए मजबूर करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। इनमें से एक नाबालिग है जबकि तीन अन्य आरोपियों में बेटा बागरी, रवि बागरी और रामपाल चौधरी निवासी हरदुआ मझोल थाना नागौद शामिल हैं।

नागौद टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि चारों आरोपितों के खिलाफ 4/9 गोवंश प्रतिषेध अधिनियम तथा बीएनस की धारा 325 (3/5) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया है,इनके खिलाफ विक्की उर्फ विनोद पाराशर निवासी नागौद ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि सतना से वापसी के वक्त उन्होंने ये क्रूर और अमानवीय घटना देखी थी।

आरोपितों ने बताया कि वे ऐरा से परेशान थे इसलिए उन्होंने यह घटना अंजाम दी। बता दें कि गत मंगलवार की दोपहर बमहौर में रेलवे पुल के नीचे उफनाई नदी में गायों को जबरदस्ती धकेला गया था। गायें पानी के तेज बहाव में बहते हुए स्टॉप डैम के नीचे जा गिरी थीं। कुछ के तो पैर भी ऊपर उठ गए थे और वे जान बचाने के लिए संघर्ष करती रहीं। इस अमानवीय घटना का वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद एसपी आशुतोष गुप्ता ने नागौद और सिविल लाइन थाना पुलिस को त्वरित कार्रवाई के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की है, जिसमें 15 से 20 गायों की मौत हो गई। नागौद थाना प्रभारी अशोक पांडे ने कहा कि मंगलवार शाम को बमहोर के पास रेलवे पुल के नीचे सतना नदी में कुछ लोगों द्वारा गोवंशों को धकलेने का वीडियो सामने आया है।

वीडियो का संज्ञान लेते हुए जानकारी जुटाने के लिए पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी पांडे ने कहा, चार लोगों की पहचान बेटा बागड़ी, रवि बागड़ी, रामपाल चौधरी और राजलू चौधरी के रूप में हुई है। इनके खिलाफ मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम (गायों की हत्या रोकने वाला कानून) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आशोक पांडे ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर को घटी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वहां करीब 50 गायें थी। उनमें से 15 से 20 की जान चली गई। बचाव अभियान जारी है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 01 सितम्बर 2024 | 8


उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री द्वारा विन्ध्य क्षेत्र में उपचार सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से रीवा जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



## तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ समापन, कलेक्टर ने किया शिविर स्थल का भ्रमण

### गंभीर रोगियों को मिली नि:शुल्क जाँच और उपचार की सुविधा





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा विन्ध्य क्षेत्र में उपचार सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से रीवा जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गत 29 अगस्त से कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर का आज समापन हो गया। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर द्वारा किया गया। शिविर मं् स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख कैंसर, डायबिटीज, ह्मदय रोग तथा अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की निश्शुल्क जाँच और उपचार अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। इस सुपर स्पेशलिटी जाँच शिविर में शिशुओं के गंभीर रोगों की जाँच और उपचार किया गया। शिविर स्थल पर रोगियों के पंजीयन की व्यवस्था की गई थी।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविर में रोगियों से मिलने वाली उपचार सुविधा के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंजीयन काउंटर में पहुंचकर अब तक हुए पंजीयन तथा जाँच के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने गंभीर रोगों के लिए बनाए गए काउंटर में जाकर प्रदान की जाने वाली उपचार सुविधा के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने उम्मीदों वाली बस के अंदर जाकर रोगियों की जाँच के लिए बनाई गई सुविधा का भी अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, डॉ नरेश बजाज, डॉ सुनील अवस्थी सहित अरविंदो अस्पताल के चिकित्सक उपस्थित रहे।

## विकासखण्डों में आज से चार सितम्बर तक लगेंगे नि :शुल्क जाँच शिविर

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निश्शुल्क जाँच और उपचार शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड मुख्यालयों में भी इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रोगियों की जाँच और उपचार करेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि श्री अरविंदो हास्पिटल इंदौर के सहयोग से एक सितम्बर को त्योंथर तथा चाकघाट, दो सितम्बर को डभौरा, तीन सितम्बर को सिरमौर तथा चार सितम्बर को मऊगंज में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में अरविंदो हास्पिटल की सर्व सुविधायुक्त चलित अस्पताल इकाई उम्मीदों वाली बस से रोगियों की जाँच की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से महिलाओं के स्तन कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर एवं ओरल कैंसर के रोगियों की जाँच एवं उपचार किया जाएगा। इस बस में जाँच के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं।

## जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया गया वृक्षारोपण



**रीवा।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले के सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में एक लाख एक पौधरोपण किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्रों के साथ ही कुपोषित बच्चों के घर के परिसर में फलदार वृक्ष आम, आंवला, नीबू, अमरूद तथा मुनगा के पौधे लगाकर इन्हें संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने खौर ग्राम के आंगनवाड़ी केन्द्र में पौधरोपण किया तथा एक सितम्बर से माह भर चलने वाले पोषण माह का शुभारंभ करते हुए गोद भराई कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने भोजन में पोषक तत्वों एवं मोटे अनाज को शामिल किए जाने व उससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली।

इसी प्रकार आंगनवाड़ी केन्द्र रायपुर क्रमांक एक में जिला पंचायत सदस्य बृजेन्द्र कोरी ने अपनी माताजी के नाम पर मुनगा का पेड़, जनपद सदस्य रजिया सुल्तान ने मीठी नीम व शुभकरण दाहिया ने अमरूद का पौधा लगाया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आमजनों से पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती माता को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर उनकी परवरिश भी करें। स्वच्छ पर्यावरण से व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी शेषनारायण मिश्रा, सरपंच अजय दाहिया सहित अंजना सिंह, चिंता सिंह, राजकुमारी मिश्रा, श्रीमती सपनाराम तिवारी, हमीदा बानो, सुषमा शर्मा, प्रीती शर्मा, कुसुमलता द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एम.पी. ट्रांसकों ने लक्ष्य से अधिक पौधारोपण करने में पाई सफलता, रीवा में लक्ष्य से दोगुना हुआ पौधरोपण



**रीवा।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर म.प्र. की बिजली कंपनियों में एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान के तहत 19 हजार पौधारोपण लक्ष्य के विरूद्ध 23 हजार 697 पौधारोपण करने में सफलता प्राप्त की गई है। एम.पी. ट्रांसको रीवा सहित प्रदेश के सभी 42 ट्रांसमिशन लाइन मेटेनेन्स (टी.एल.एम.), 416 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों तथा प्रदेश के सभी कार्यालयों व आवासीय परिसरों में कार्मिकों ने परिवार सहित उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। पौधारोपण में उज्जैन जिला अव्वल रहा, जहां ट्रांसको कार्मिकों ने 588 पौधारोपण के विरूद्ध 1491 पौधो का रोपण किया गया। इसी प्रकार रीवा के विभिन्न कार्यालयों में निर्धारित लक्ष्य 335 के विरूद्ध 779 पौधे रोपित किये गये।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन दो सितम्बर को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में दो सितम्बर को प्रातः 11 बजे से अमृत-2 योजना से संबंधित बैठक आयोजित की गई है। जिसमें योजना की अब तक हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसी प्रकार टीएल बैठक के उपरांत कलेक्टर द्वारा अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक ली जाएगी। उपरोक्त बैठकों में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## त्योंथर जेल का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान ने त्योंथर उप जेल का निरीक्षण कर बैरक में साफ-सफाई तथा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए उसका मुआयना मिया। उप जेल त्योंथर में विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन में उन्होंने कहा कि प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार बंदियों को प्राप्त है। कारागारों में स्वच्छता व साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अवश्य होनी चाहिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों से मुलाकात कर उनकी विधिक समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला ने जमानत संबंधी विधिक प्रावधानों एवं निश्शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उप जेल अधीक्षक शशांक सिंह तथा जेल के कर्मचारी व बंदी उपस्थित रहे।

## ईव्हीएम की एफएलसी आज भी

**रीवा।** नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा। मतदान के लिए तैयार की जा रही ईव्हीएम की एफएलसी 31 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा के कमरा क्रमांक जी-12 में आरंभ होकर आज एक सितम्बर को शाम 6 बजे तक होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जवा तथा त्योंथर जनपद पंचायत से एफएलसी के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त की कार्यवाही जारी



**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। दिनांक 31.08.2024 को वृन्दावन बगीचा वॉर्ड क्र. 01 में निपनिया रोड के किनारे वार्ड के रहवासी द्वारा कोयला रखकर यातायात बाधित किया जा रहा था जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही अतिक्रमण प्रभारी एवं उपयंत्री द्वारा हटाने की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ की गई एवं उड़नदस्ता दल को मौके में बुलाकर कोयला हटाने के साथ ही संबंधित के ऊपर रूपये 2500 की चालानी कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान संबंधित को हिदायत दी गई पुनरावृत्ति किये जाने पर जप्ती के साथ ही कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही विद्या भूषण मेडिकल स्टोर के सामने एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने से लेकर गल्ला मंडी मोड़ तक रोड पटरी से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया एवं रोड़ पटरी खाली कराई गई। इसी प्रकार अतिक्रमण दल द्वारा संजय गांधी हॉस्पिटल के गेट से धोबिया टंकी मोड तक अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई।

## मऊगंज, एसआई ने पुलिस विभाग से दिया त्यागपत्र

**रीवा।** मऊगंज के पुलिस विभाग में ट्रैफिक प्रभारी सूबेदार अमित विश्वकर्मा को रीवा जोन के आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार ने हटा दिया है। एक उप निरीक्षक द्वारा अपने पद और विभाग से त्यागपत्र दे दिया गया है। पुलिस विभाग से त्यागपत्र देते हुए उन्होंने कुछ आरोप प्रत्यारोप भी मऊगंज पुलिस अधीक्षक के सामने मौखिक रूप से लगाए वहीं इस पूरे मामले में एसपी मऊगंज रसना ठाकुर का कहना है कि त्यागपत्र वापस लेने के लिए कहा है, अभी वह इस मामले में कुछ भी नहीं कह सकती हैं।

## रीवा के एक ही स्कूल के 10 शिक्षकों को ब्रेन ट्यूमर, कलेक्टर बोलीं-जांच कराएंगे

**रीवा।** मनमर्जी के स्कूल में तैनाती के लिए शिक्षक कैसे-कैसे बहाने बनाते हैं, इसकी बानगी रीवा जिले के शासकीय स्कूल बदराव से सामने आई है। दस शिक्षकों ने ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारियों से खुद को ग्रस्त बताने से गुरेज नहीं किया।

चौंकाने वाला मामला सामने आने के बाद रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि गलत जानकारी देकर पदस्थापना की बात सामने आई है। जिला शिक्षाधिकारी सुदामा गुप्ता को जांच के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों ने स्वयं को ब्रेन ट्यूमर के अलावा किडनी की बीमारी और दिव्यांग घोषित कराने में कसर नहीं छोड़ी। आश्चर्यजनक रूप से एजुकेशन पोर्टल पर यह जानकारी दर्ज है।

एक ही स्कूल में 557 विद्यार्थियों पर 34 शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला, बदराव के प्राचार्य आरके जैन के मुताबिक स्कूल में 557 विद्यार्थियों पर 34 शिक्षक और एक कर्मचारी की तैनाती है। इनमें से 10 अतिशेष शिक्षकों का स्थानांतरण किया जाना है। इसके लिए जानकारी खंगाली तब इनकी बीमारी के बारे में पता चला। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने कहा कि 2022 में ट्रांसफर नीति आई थी। इसमें गंभीर बीमारी से जूझ रहे कर्मचारियों को स्थानांतरण से छूट दी गई है। तबादले से बचने के लिए कुछ शिक्षकों ने चालाकी की और पोर्टल पर गलत फीडिंग करा ली।

स्थानांतरण के तमाम नियम-कायदों को धता बताते हुए शिक्षक पांच-दस नहीं 37 वर्षों से एक ही स्कूल में तैनात हैं। बदराव स्कूल में दो शिक्षक 37 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा दो शिक्षक 26, एक 14 तो एक अन्य शिक्षक 10 वर्षों से यहीं पर तैनात हैं।

इधर, जिले में ही 50 से ज्यादा स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई स्कूलों में तो चार से पांच शिक्षक ही पूरी व्यवस्था संभाल रहे हैं। दरअसल, बदराव स्कूल रीवा जिला मुख्यालय से मात्र छह किमी दूर है और विभाग की सूची में ग्रामीण क्षेत्र में दर्ज है। यही कारण है कि स्कूल शिक्षकों की पसंद बना हुआ है।

स्कूल में 2018 से पदस्थ विनय कृष्ण तिवारी को भी स्वयं को ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त बताया गया है। पिता का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने पर वे छुट्टी पर हैं। 1987 से पदस्थ भागवत प्रसाद पांडेय भी ब्रेन ट्यूमर मरीज की सूची में हैं। अदिति सिंह, एमडी सिंह के नाम के आगे भी ब्रेन ट्यूमर दर्ज है। सुधाकर तिवारी के नाम के आगे ब्रेन ट्यूमर के साथ दिव्यांग भी दर्ज है। सूत्र बताते हैं कि वे न तो दिव्यांग हैं, न ही उन्हें ब्रेन ट्यूमर है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक राजेश मिश्रा ने बताया कि जिले में 200 शिक्षक ऐसे हैं, जिनके नाम के आगे अतिशेष शिक्षकों की सूची में गंभीर बीमारियां दर्ज हैं। जिले के हर ब्लाक से ऐसे मामले हैं।

## नगर निगम द्वारा शहर में चलाया गया सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान



**रीवा।** शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 31/08/2024 को नगर निगम द्वारा शहर में एक दिवसीय सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया गया। सीएनडी अपशिष्ट जो घरों के निर्माण कार्य से एकत्रित मलबा होता है उसको नागरिकों द्वारा बाहर फेंक दिया जाता है जिससे हमारा शहर गंदा दिखता है शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया जिसके तहत शहर में स्थित सीएनडी अपशिष्ट को साफ कराया गया साथ ही नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को नगर निगम द्वारा संचालित सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण वाहन के टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गई नगर निगम की स्वच्छता टीम ने नागरिकों से अपील की जो भी सीएनएडी अपशिष्ट आपके घरों से निकलता है उसको बाहर न फेकें, नगर निगम के टोल फ्री नंबर 6232445754 में कॉल कर अपशिष्ट को नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे सीएनडी अपशिष्ट वाहन से ही उठवाएं। अभियान में नगर निगम की आईईसी टीम, वार्ड दरोगा एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## रीवा में नमक के लिए 6 करोड़ रुपये का फ्रॉड, देहरादून से ठग गिरफ्तार



**रीवा।** नमक परिवहन के बदले लोगों से रुपए ऐंठने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस ने सलाखों के पीछे डाल दिया। कई लोगों से उसने रुपए लिये थे। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर ठगी के रुपए बरामद करने का प्रयास कर रही है। आरोपी शातिर दिमाग है जो लोगों को ठगी के जाल में फंसाता था।

नमक परिवहन के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चिरहुला कॉलोनी के रहने वाले 58 वर्षीय नारेन्द्र सिंह परिहार ने अप्रैल 2022 में थाने में रिपोर्ट लिखाई थी, जिसमें उन्होनें बताया था कि आरोपी वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने नमक परिवहन के एवज में उनसे 2.50 लाख रुपए लिये थे और नमक उनको नहीं दिया था। रुपए लेने वालों को हर माह 30 से 70 हजार रुपए देता था।

आरोपी ने 140 गाड़ी का पैसा लेकर कई लोगों को फ्रॉड का शिकार बनाया और सभी के रुपए लेकर भाग गया। उसके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध था, जिसके बाद ठग को पकड़ने के लिए पुलिस जाल ने बिछाया। आरोपी के देहरादून में छिपे होने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस ने उसे देहरादून में घेराबंदी करके पकड़ा और पूछताछ हेतु रीवा ले आई। आरोपी के बैंक खातों की जांच चल रही है। अभी उसके पास से ठगी के रुपए बरामद नहीं हुए है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833